संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 242 शुक्रवार 04 जुलाई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## महत्वपूर्ण खबर

## भारत की कड़ी कार्रवाई



### पाकिस्तानी सेलिब्रिटीज के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर फिर लगा बैन

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025(ए)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के बीच भारत ने एक बार फिर से पाकिस्तानी सेलिब्रिटीज के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह कार्रवाई गुरुवार सुबह प्रभावी हुई,जब शाहिद अफरीदी, मावरा होकेन,युमना जैदी,हानिया आमिर,और फवाद खान जैसे लोकप्रिय सितारों के इंस्टाग्राम और ट्विटर अकाउंट्स भारतीय यूजर्स के लिए फिर से ब्लॉक कर दिए गए। यह प्रतिबंध अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप लगाया गया था,जिसमें भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था।

## भूस्खलन के चलते केदारनाथ की यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित



**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025(ए)।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में सोनप्रयाग के पास मुनकटिया में भारी बारिश से भूस्खलन हुआ,जिसके चलते गुरुवार को केदारनाथ यात्रा को अस्थायी तौर पर रोक दिया गया। मलबे और पत्थरों ने सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया। गौरीकुंड से लौट रहे कुछ तीर्थयात्री मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में फंस गए थे, लेकिन एसडीआरएफ ने करीब 40 यात्रियों को सुरक्षित निकालकर सोनप्रयाग पहुंचाया। सुरक्षा के लिए यात्रा फिलहाल बंद है।

## बागेश्वर धाम में मची भगदड़



### » टिन शेड गिरने से एक श्रद्धालु की मौत,पांच घायल..

**छतरपुर,03 जुलाई 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित प्रसिद्ध बागेश्वर धाम में गुरुवार सुबह एक दुखद हादसा हुआ,जिसमें टिन शेड गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह घटना धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव के दौरान हुई, जब भारी बारिश के कारण श्रद्धालु शेड के नीचे शरण लिए हुए थे। हादसे ने धाम में मौजूद भक्तों के बीच हड़कंप मचा दिया।

## स्पाइसजेट विमान का हवा में उखड़ा विंडो फ्रेम

### कंपनी का दावा यात्रियों की सुरक्षा कभी भी खतरे में नहीं आई

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025(ए)।** स्पाइसजेट के क्यू400 विमान में उड़ान के दौरान एक घटना घटी,



जब एक कॉस्मेटिक विंडो फ्रेम ढीला हो गया और उखड़ भी गया। इसके बाद स्पाइसजेट की तरफ से औपचारिक बयान सामने आया है। बयान में बताया गया है कि यह फ्रेम एक गैर-संरचनात्मक घटक था, जिसका उद्देश्य खिड़की पर छांव प्रदान करना था, और इसका विमान की सुरक्षा या संरचना पर कोई असर नहीं पड़ा। फ्लाइट के दौरान केबिन का प्रेशर सामान्य रहा और यात्रियों की सुरक्षा कभी भी खतरे में नहीं आई।

# प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

### संसद में भी किया संबोधन

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को घाना पहुंचे। गुरुवार को घाना ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से नवाजा। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया,जहां उन्होंने इस सम्मान के लिए 140 करोड़ भारतीयों की ओर से आभार व्यक्त किया।



### लोकतंत्र और भारत-घाना संबंध

पीएम मोदी ने कहा, हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं,संस्कार हैं। उन्होंने भारत और घाना के मजबूत संबंधों पर जोर दिया और दोनों देशों के समावेशी विकास के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति और लोकतंत्र को वैश्विक चुनौतियों जैसे आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ आशा की किरण बताया।

### वैश्विक दक्षिण की आवाज

मोदी ने वैश्विक शासन में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया और कहा, वैश्विक दक्षिण को आवाज दिए बिना प्रगति नहीं हो सकती। उन्होंने भारत की नई संसद में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के कदम का उल्लेख किया और घाना के सांसदों को इसे देखने के लिए आमंत्रित किया।

### घाना में होना सौभाग्य की बात है:पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा...आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। घाना से मिले सर्वोच्च सम्मान के लिए मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी धरती के नीचे छिपी हुई चीजों के लिए बल्कि आपके दिल में मौजूद गर्मजोशी और ताकत के लिए भी।

मोदी ने घाना के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके एकजुटता के विचारों को साझा यात्रा का मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि घाना साहस और समावेशी प्रगति का प्रतीक है, जो पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

# जल्द चुना जाएगा भाजपा अध्यक्ष

### पांच नाम तय,10 से 15 तारीख तक हो सकता है ऐलान

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025(ए)।** 12 से अधिक राज्यों में स्थानीय चुनाव संपन्न होने के बाद,भाजपा अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति वाले उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर सकती है। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 या 10 जुलाई को विदेश यात्रा से लौटने के कुछ दिनों बाद की जाएगी।




अधिकांश राज्यों में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश,मध्य प्रदेश, उत्तराखंड,महाराष्ट्र,आंध्र प्रदेश और अन्य राज्यों में भाजपा द्वारा नए प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव किया गया है। बिहार, सिक्किम,गोवा और असम जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में नए अध्यक्ष पहले से ही नियुक्त हैं। उत्तर प्रदेश समेत शेष राज्यों में भी प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जाएगी।

### मानसून सत्र से पहले अंतिम चयन :

इस प्रक्रिया के बीच भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं और उनमें से एक का चयन किया जाएगा। अंतिम चयन 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र से पहले 10 से 19 जुलाई के बीच होने की उम्मीद है।

अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव,धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी,निर्मला सीतारमण, वनथी श्रीनिवासन और बीडी शर्मा शामिल हैं। क्षेत्रीय चुनावों के लिए पार्टी के सबसे अच्छे चुनाव प्रबंधकों में से एक माने जाने वाले भूपेंद्र यादव को अध्यक्ष पद के लिए सबसे आगे बताया जा रहा है। ओबीसी वर्ग से ताल्लुक रखने वाले भूपेंद्र यादव ने महाराष्ट्र (2024), उत्तर प्रदेश (2017) और बिहार (2020) सहित कई राज्य चुनावों के लिए चुनावी रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिहार में भाजपा के एक नेता ने कहा कि यदि भूपेंद्र यादव सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनते हैं तो इससे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की ओर से लोगों को एक कड़ा संदेश जाएगा,क्योंकि यादव समुदाय बिहार में 70 से 90 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। धर्मेन्द्र प्रधान को आरएसएस और पार्टी के संस्थागत संगठनों के साथ उनके मजबूत संबंधों के कारण दूसरा सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है।



## 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा संसद का मानसून सत्र

### ऑपरेशन सिंदूर पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025 (ए)।** संसद के मानसून सत्र की तारीखें तय हो गई हैं। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई 2025 से 21 अगस्त 2025 तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला संसद सत्र है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने घोषणा की है कि राष्ट्रपति ने इस आशय के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बुधवार (2 जुलाई) को इस आशय की अधिसूचना जारी की।वहीं इस संदर्भ में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर कहा कि भारत के राष्ट्रपति ने लोकसभा और राज्यसभा के मानसून सत्र आयोजित करने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि संसद के मानसून सत्र 21 जुलाई, 2025 से 21 अगस्त, 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर 13 और 14 अगस्त को दोनों सदनों में अवकाश रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला संसद सत्र है।

## अखिलेश यादव की सुरक्षा में चूक

**आजमगढ़,03 जुलाई 2025 (ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव के कार्यक्रम में सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। एक युवक उनके कार्यक्रम के मंच के पास पहुंच गया। हालांकि पुलिसकर्मियों ने तत्काल युवक को रोका और हिरासत में लिया।



## नौकरी के लिए मैनेजर पर चलाई थी गोली

### पुलिस ने हमलावर को एनकाउंटर में सिखाया सबक

**वाराणसी,03 जुलाई 2025(ए)।** यूपी के वाराणसी जिले में नौकरी न मिलने पर झल्लाए युवक ने कोरियर कंपनी के मैनेजर को गोली मारकर जख़्मी कर दिया था। पुलिस ने फरार आरोपी को फुटेज के आधार पर पहचाना फिर उसे मुठभेड़ में दबोच लिया। हमलावर के पैर में गोली लगी है। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।बिहार के रोहतास का रहने वाला विकास तिवारी वाराणसी के प्रज्ञा नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है और एक कोरियर कंपनी में मैनेजर है। मंगलवार रात वह गोदाम में डिलीवरी लिस्ट बना रहा था, तभी कछवां का विनीत तिवारी (25) नौकरी मांगने पहुंचा। विकास ने वैकेंसी न होने की बात कहकर उसे ऑनलाइन आवेदन करने को कहा। इस बात से नाराज विनीत ने कुछ देर बाद वापस लौटकर तमंचे से विकास पर गोली चला दी, जो उसके नाक और चेहरे पर लगी।



गोली की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लहूलुहान मैनेजर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया,जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## भाई विपिन ने सुप्रीम कोर्ट के वकील हायर किए और बोले,सोनम को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाकर ही चैन लूंगा

**इंदौर,03 जुलाई 2025(ए)।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब परिवार ने न्याय की लड़ाई को और तेज कर दिया है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने इस मामले में आरोपियों को सजा दिलवाने के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट के वकीलों की टीम हायर कर ली है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि सोनम और उसके साथियों ने सोची-समझी साजिश के तहत राजा की हत्या की है, जिसे वह नरबलि जैसा कृत्य मानते हैं। उनका दावा है कि सोनम ने पूरी प्लानिंग के साथ राजा को मारा और



इसमें कहीं न कहीं कानूनी सलाह लेने वाले अनुभवी लोग शामिल थे, जिन्होंने उसे सिखाया कि क्या करना है और कैसे। विपिन रघुवंशी ने सोनम के भाई गोविंद पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि शुरुआत में गोविंद ने खुद माना था कि सोनम से गलती हुई है और उसे सजा मिलनी चाहिए,लेकिन अब उसने अपना रवैया बदल लिया है। अब गोविंद सोनम के लिए वकील कर रहा है,जेल में मिलने की कोशिश कर रहा है और अपने पुराने बयानों से मुकर गया है। विपिन का कहना है कि गोविंद ने उनके परिवार के साथ भावनात्मक रूप से झूठा नाटक किया और अब सोनम को बचाने में जुट गया है।

## संजीव अरोड़ा पंजाब के नए मंत्री बने




### » मान सरकार में मिली इन विभागों की जिम्मेदारी

### » मंत्री धालीवाल की कैबिनेट से छुट्टी

**चंडीगढ़ ,03 जुलाई 2025(ए)।** राज्यसभा छोड़कर लुधियाना वेस्ट से उपचुनाव जीतने वाले संजीव अरोड़ा को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कैबिनेट मंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित सभी कैबिनेट के मंत्री, विधायक आदि राजभवन में मौजूद थे।संजीव अरोड़ा ने भगवंत मान के मंत्रिमंडल में 17 वें मंत्री के रूप में शपथ ली है। आप सरकार के करीब साढ़े 3 साल के कार्यकाल में यह 7 वां कैबिनेट विस्तार है।



### 28 जुलाई को पठानकोट कैंट से दक्षिण भारत की पुण्ययात्रा पर रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025(ए)।** दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह विशेष रेलगाड़ी आगामी 28 जुलाई को दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा पर रवाना हो रही है। 13 दिवसीय यह भव्य यात्रा पठानकोट कैंट स्टेशन से शुरू होगी और यात्रियों को तिरुपति,रामेश्वरम,मदुरै,कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। जो आध्यात्मिक अनुभव,सुविधा और किफायती दरों का अनूठा संगम होगी। इस ट्रेन की शुरुआत पठानकोट कैंट स्टेशन से होगी। इसके प्रमुख बोर्डिंग पॉइंट में जालंधर सिटी,लुधियाना,चंडीगढ़, अंबाला कैंट,कुरुक्षेत्र, करनाल,पानीपत, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा,आगरा कैंट और ग्वालियर शामिल हैं।

# संपादकीय

## आप काफी उत्साहित

चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) काफी उत्साहित नजर आई। गुजरात की विसावदर सीट से गोपाल इटालिया व पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर जीते संजीव अरोड़ा,दोनों आप के उम्मीदवार हैं। केरल में नीलांबुर सीट कांग्रेसनीत यूडीएफ ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को पछाड़ कर जीत हासिल की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से गुजरात की कड़ी सीट बरकरार रखते हुए राजेंद्र चावड़ा को जीत दिलाई। तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कालीगंज विधानसभा सीट पर पुनः कब्जा किया।भाजपा के आशीष घोष को यहां अलीफा अहमद ने हराया। सभी पांचों सीटों पर इसी माह की 19 तारीख को मतदान हुए थे। इनमें लुधियाना के चुनाव पर विशेषज्ञों की कड़ी नजर थी। क्योंकि अरोड़ा राज्य सभा सांसद हैं। जहां से वे इस्तीफा देंगे। विपक्ष का दावा था कि इस खाली हुई सीट से अरविंद केजरीवाल उच्च सदन जा सकते हैं। बहरहाल उन्होंने इस सवाल को टालते हुए कहा कि यह फैसला आप की राजनीतिक मामलों की कमेटी लेगी। इसके बाद कयास मनीष सिसोदिया को भेजने का है। हालांकि लंबी जेल भुगतने वाले सत्येंद्र जैन को भी दावेदार माना जा रहा है।मतगणना के वक्त कालीगंज के बाराचंदगर इलाके में हुए विस्फोट में नौ साल की बच्ची की मौत से उपजा मसला अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आासन फौरन ही दिया।हालांकि उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने काफी उदासीनता बरती। मगर भाजपा शीर्ष को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। क्योंकि प. बंगाल को लेकर वे ममता सरकार पर जिस तरह की तोहमतें लगाते रहे हैं। उसका नतीजा सबक लेने वाला है। जिसमें भाजपा को भारी मतों से मात मिली है। गुजरात और पंजाब में 2027 में विधानसभा होने हैं, यहां दोगुने अंतर से मिली जीत को केजरीवाल सेमीफाइनल के तौर पर देख रहे हैं।


**स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि 4 जुलाई पर विशेष लेख**

# स्वामी विवेकानंद:विचारों के युगदृष्टा,युवाओं के पथप्रदर्शक



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के धनी माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए,जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद के बारे में कहा जाता है कि वे स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को खाना खिलाते थे और बाहर ठंड में सो जाते थे। मानवता के वे कितने बड़े हितैषी थे,यह उनके इस वक्तव्य से समझा जा सकता है कि भारत के 33 करोड़ भूखे,दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी-देवताओं की भांति मंदिरों में स्थापित कर दिया जाए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था,यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता,दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए।



वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र,बुद्धिमत्ता,दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता,खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था,'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात्'उठो,जागो और तब तक मत रूको,जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।'ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया।

युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए,जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था,''ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं,जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है,आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत,डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है,संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं,वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो,वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो,नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो,न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम,काम, काम,बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में,कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है,वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है,अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे,ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। विश्व एक व्यायामशाला है,जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।''

11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए लेकिन उनकी कीर्ति युगों-युगों तक जीवंत रहेगी।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं का बदलेगा पैटर्न




विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब



डाक्टर या इंजीनियर बनने की दौड़ में शामिल छात्रों की कोचिंग कक्षआओं पर दिनों-दिन बढ़ रही निर्भरता को लेकर शिक्षा मंत्रालय की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। वह बच्चों को रटने-रटाने के इस खेल से बाहर निकाल उन्हें स्कूली माहौल में पढ़ते व बढ़ते देखना चाहता है,जहां उनको पढ़ाई के साथ खेल-कूद जैसी दूसरी गतिविधियों के लिए भी समय मिलता है। यही वजह है कि मंत्रालय ने नीट-जेईई मेन जैसी परीक्षाओं के लिए पैटर्न में बदलाव को लेकर बड़ी तैयारी शुरू की है। संभव है कि अगले साल नीट व जेईई मेन जैसी परीक्षाओं में यह बदलाव दिखाई भी दे। कोचिंग पर बच्चों की निर्भरता घटाने के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित नौ सदस्यीय समिति ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। साथ ही संकेत दिए हैं कि इन परीक्षाओं में अब अभ्यर्थियों की परख बुद्धि,दृष्टिकोण और व्यक्तित्व आदि स्तरों पर की जाएगी। प्रश्न पत्रों के स्तर को भी सीबीएसई सहित सभी राज्यों के शिक्षा बोर्ड की 11वीं और 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही रखा जाएगा। समिति से जुड़े सदस्यों के मुताबिक इसका मतलब ये कतई नहीं होगा कि परीक्षाओं में आसान सवाल पूछे जाएंगे,बल्कि प्रश्न कुछ इस तरह से तैयार होंगे कि कोई रट्टा मारकर उनके उत्तर नहीं दे सकेगा। मौजूदा समय में जेईई मेन में हर साल करीब 13 लाख व नीट - यूजी में करीब 23 लाख छात्र शामिल हो रहे हैं। कमेटी ने परीक्षा पैटर्न और प्रश्नपत्र के साथ ही स्कूलों की पढ़ाई के तौर-तरीकों और अभिभावकों के सोच बदलाव लाने की जरूरत पर जोर दिया है। स्कूलों से नीट, जेईई या एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों को पहले से पहचान कर उन्हें पढ़ाई के दौरान इससे जुड़ी अतिरिक्त कक्षाएं लगाने जैसी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है, ताकि बच्चों को इसके लिए कोचिंग की ओर रुख न करना पड़े। मौजूदा समय में नवोदय विद्यालयों में इस तरह के प्रयोग शुरू भी हुए हैं। कमेटी की चिंता यह भी है कि यदि स्कूलों ने इस दिशा में ध्यान नहीं दिया तो नौवीं के बाद स्कूलों में बच्चे नहीं दिखेंगे। कक्षाएं सिर्फ कागजों पर ही चलेंगी। वहीं अभिभावकों की काउंसलिंग पर भी जोर देने की योजना बनाई जा रही है। कोचिंग पर बढ़ती निर्भरता से बच्चों का न सिर्फ बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास प्रभावित हो रहा है, बल्कि उनमें डिप्रेशन भी बढ़ रहा है।

# सुनो दस गुना चाहिए तो अपनाओं-छोटा सा उपाय

सुनो,सुनो,सुनो आखिर लालसा किसके भीतर नहीं होती हर किसी के भीतर दस गुना पाने की लालसा




वीना आडवानी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

होती ही है। चाहे महिला हो या पुरुष संसार में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं की जिसमें लालसा ना समाई हो चाहे फिर तो कोई तपस्वी हो, साधू हो या आम इंसान हर कोई चाहता कि हम एक लगाएं तो उसके बदले हम दस मिले। अरे भाई लालसा के मकड़जाल से भला कोई बचा भी सका है क्या?

**बताओ-बताओ है मेरे सवाल का उत्तर किसी के पास नहीं ना।**

अरे भला होगा भी कैसे क्यों कि ये दुनिया ही लालसा पर चलती है। अब आप सोचेंगे भला लालसा में वैराग्य जीवन जीने वाले तपस्वी व साधू कैसे आ गये? और यही सोच कर आप मेरा विरोध भी करेंगे मन के भीतर ही सही पर करेंगे जरूर मैं जानती हूँ। चलो आपके मन में उठे मेरे प्रति विरोध की ज्वालामुखी को शांत किये देती हूँ।

दरअसल तपस्वी व साधू व अन्य वैराग्य धारी लोगों में लालसा अपनी भक्ति से भगवान को पूर्णतः रूप से पा लेने की होती है और वो भी जल्द से जल्द अर्थात अपनी भक्ति का कुछ अंश लगा कर भगवान को दस गुना पा लेने की इच्छा ही तो वैरागी की लालसा है। भूतकाल में सत्ययुग में भक्तों की लालसा पूरी भी होती थी भगवान दर्शन भी देते थे अपने भक्त को परंतु आज के युग में मुमकिन है भगवान को पाना परंतु समाज का पूरा मोह त्याग कर अपने आप को समर्पित करने वाला भगवान को सिर्फ महसूस करने अपने आस-पास होने की बहुत ही बेहतरीन तरीके से अनुभूति कर सकता परंतु साक्षात दर्शन भगवान के ये तो सिर्फ सपनों में होता है। सच रात को सोते समय सपने में हमारी लालसा को भगवान चरितार्थ जरूर कर दर्शन देते हैं। परंतु हकीकत में सिर्फ आभास करा कर हमारी लालसा पूरी करते हैं। अरे भाई! आप आम लोगों की सोच का क्या कहना। लालसा सिर्फ आर्थिक नहीं होती ये बात समझो लालसा तो हृदय से भगवान को पाकर उनके रूह में उतर जाने की भी होती है।




आम जिंदगी में भी इंसा बहुत सी लालसा दिल में लिए चलता है जैसे व्यवसाय से लालसा कि जो लागत लगाई उसका दस गुना लाभ हो। व्यवसाय चाहे छोटा हो या बड़ा हर कोई दुगने से अधिक मुनाफा चाहता जिसके लिये वो हर जी जान कोशिश भी करता। कुछ तो अपनी लालसा से कहीं अधिक पा लेते और कुछ ठीक इसके विपरित मतलब लालसा से भी कम या सरल शब्दों में लागत से भी बहुत कम ऐसे में फिर तो व्यवसाय बंद करने तक की नौबत भी आ जाती है और अच्छा-खासा इंसान डिप्रेशन का शिकार हो जाता है।

अब ये तो हो गयी आर्थिक लालसा की चाहत। अरे लालसा के भी अलग-अलग प्रकार होते हैं। चलो अब दूसरी लालसा की हम बात कर लेते हैं। ये लालसा क्या छोटे, क्या बड़े सभी को होती है बच्चा तक इस लालसा से अछूता नहीं रह पाता। पता है ये लालसा क्या है? वो लालसा है प्रेम, सम्मान की भूख। हर कोई इस लालसा को पाकर धनवान बनना चाहता है। मतलब की चाहे बच्चा हो, जवान या बूढ़ा व्यक्ति हर कोई किसी अपने या दूसरों से सम्मान की चाहत रखता है।

**भाई अगर सम्मान दोगे तो सम्मान मिलेगा भी ना।**

मैं एक विशेष रिश्ते में सम्मान के बारे मे जरूर बताना चाहूंगी वो खास रिश्ता है पति-पत्नी का रिश्ता जी हॉं पति-पत्नी का रिश्ता वो रिश्ता है जिसमें दो अनजान शख्स समाजिक रिति-रिवाजों से एक बंधन में बंध जाते जिसे तोड़ पाना किसी के लिये संभव नहीं है। हॉं ये रिश्ता तब कमजोर हो जाता जब एक व्यक्ति पूरी जिम्मेदारी के साथ सम्मान देते-देते रिश्ता निभाता चला जाता है और दूसरा ठीक उसी के विपरित सदा अपमान करता रहे दूसरे का बस यही कारण होता। आखिर एक इंसान कब तक सहन करता चला जाएगा एक दिन तो आएगा की वो भी सह-सह कर अपना मुंह खोलेगा ही। गलत तो नहीं कह रही ना मैं? अरे जैसे आप हड्डी-मांस से बने पुतले हैं, आप में जान है, आप में भावना है ठीक उसी तरह सामने वाले व्यक्ति अर्थात आपके जीवनसाथी या संगनी मे भी तो है ही ना? फिर आप कैसे किसी दूसरे की भावना को ठेस पहुंचा सकते। जब आप सम्मान की उम्मीद रखते हैं तो सम्मान देना भी सीखना जरूरी है ना। आप दूसरों से दस गुना सम्मान चाहते हैं तो दस गुना से अधिक देना भी, सीखें तो! वरना एक दिन वो भूचाल आएगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की थी मतलब आपने सोचा भी नहीं था कि सामने वाला आपको जवाब दे सकता वो भी आपको ऐसा करारा जवाब देगा की आपके वारे न्यारे हो जाएंगे। अर्थात आपकी जगह आपको दिखा दी जाएगी। अरे वो एक कहावत है ना जो बोएगा वही पाएगा,तेरा दिया...लालसा सम्मान की है वो भी दस गुना तो दस गुना दो भी,लालसा सिर्फ आपकी नहीं होती हर एक व्यक्ति की होती है एक-दूसरे से तभी तो जिंदगी की गाड़ी मधुर तालमेल बैठा कर चल सकेगी।

# ग्लोबल हिंसा-युद्ध बड़े शासकों की सनक का परिणाम



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

## विस्तारवाद की चाहत में लगे विराम

किसी भी विचार या मुद्दों से असहमती के प्रतिफल में हिंसा या क्रूरता नहीं की जा सकती। विचारों से असहमति और हिंसा के विरोध में प्रतिहिंसा समस्या का हल नही हो सकता है। सबसे ताजा क्रूर और हिंसात्मक परिणाम फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है। जिसमें 20000 लोगों की जान चली गई और 50000 लोगों से ज्यादा घायल मानविय शरीर कराह रहे हैं। इसराइल ने फिलीस्तीन,हमास,लेबनान को तबाह कर दिया है आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को नेस्तनाबूत करने की बात तो एक बार समझ में आती है पर लेबनान के 50 लाख लोगों को देश छोड़ने पर मजबूर कर देना तानाशाही का एक भयानक रूप ही दिखाई देता है। इसके बाद भी उसकी हिंसा की प्यास नहीं बुझी है और अमेरिका ईरान इजरायल युद्ध में अमेरिका ने युद्ध के सबसे बड़े हथियार रूपी हवाई जहाज से ईरान ईरान के संग्रहण ठिकानों में हवाई हमला कर युद्ध का रौद्र रूप दिखाया इजरायल ईरान आपस में बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर एक दूसरे के महत्वपूर्ण ठिकानों को तबाह कर दिया है। दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध को 2 साल से ज्यादा समय हो चुका है इस युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया गया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। दोनों देशों के अरबों रुपए इस युद्ध में खर्च हो चुके हैं यदि इस धनराशी का विकास के लिए मानव शांति के लिए उपयोग किया गया होता तो आज दोनों देशों में शांती के साथ विकास भी होताद्य नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिका को इजराइल का साथ न देने की स्पष्ट चेतावनी देकर कहा है कि यदि वह इजराइल पिलिस्तानी लेबनान ईरान युद्ध में बीच में आया तो उत्तर कोरिया अमेरिका पर परमाणु हमला कर देगा। जब तक विश्व में व्लादिमीर पुतिन, सी जिन पिंग, नेतन्याहू और किम जोंग-उन जैसे खून के प्यासे तानाशाह रहेंगे विश्व में शांति स्थापना की कल्पना करना नामुमकिन ही होगा। आज वैश्विक शांति में खलबली मची हुई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे शांतिप्रिय,निर्गुण देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए। उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत का एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं:

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। यहां वैचारिक चिंतन,प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं,राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया-प्रतिक्रिया हो सकती है,और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का




नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष,नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है,वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है,चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 77 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी,बेरोजगारी,नक्सलवाद, आतंकवाद,सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं,हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

## कविता
### खुशकिस्मत हो आप...

घटती-घटना



शामलाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

खुशकिस्मत हो आप अगर आपके मां बाप
अभी भी जिंदा है और आप उनकी सेवा करते हो!
खुशकिस्मत हो आप अगर विद्वान अध्यापकों से पढ़े हो
उनसे ज्ञान प्राप्त किया हुआ है उनसे अच्छे संस्कार लिए हैं।
खुश किस्मत हो आप अगर आपके जान देने वाले मित्र हैं
उनके साथ सुख-दुख बांटकर
अपने मन का बोझ हल्का करते हो।
खुशकिस्मत हो आप अगर आपका
स्वास्थ्य बहुत अच्छा है
डॉक्टर के पास जाकर आपको
दवाइयां पर पैसे उजाड़ने नहीं पड़ते।
खुश किस्मत हो आप अगर अपनी
जिम्मेदारियां से मुक्त हो गए हो
रात को बेफिक्री की नींद सोते हो
और उसे परमात्मा का धन्यवाद करते हो।
खुशकिस्मत हो आप अगर
समाज के अच्छे लोगों के साथ संबंधित हो
इन बातों से मानसिक उत्साह बना रहता है
समाज के अच्छे आदमियों का सहारा होता है।
खुश किस्मत हो आप अगर
आपका मन परमात्मा की तरफ लगा रहता है
परमात्मा हमें दुनियावी विषय विकारों से बचाता है
जिसके साथ परमात्मा है वह भाग्यशाली है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

CMYK

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं परीक्षा तिथि संशोधित

- अब 08 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन
- 10 जुलाई को होगी प्रवेश परीक्षा

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षावार रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 30 जून 2025 तक आमंत्रित किए गए थे तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 04 जुलाई को निर्धारित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया गया है। अब आवेदन की अंतिम तिथि 08 जुलाई 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक एवं प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई 2025 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा केंन्द्र संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रिखी उदयपुर (वर्तमान में संचालित-कन्या शिक्षा परिसर कैम्पस अम्बिकापुर) होगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी सभी एकलव्य विद्यालयों अथवा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अम्बिकापुर से कार्यालयीन दिवसों एवं समय पर आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ अंकसूची, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण -पत्र एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करना होगा।

# निजी अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी,रिपोर्ट दर्ज

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

शहर के बनारस रोड स्थित निजी अस्पताल के सामने से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। वह अपने दादा का इलाज कराने अस्पताल में रूका था। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार अंशु राजवाड़े पिता ईश्वर प्रसाद राजवाड़े उम्र 20 वर्ष ग्राम गजाधरपुर पुलिस चौकी लटोरी थाना जयनगर का रहने वाला है। वह अंबिकापुर बनारस रोड स्थित एक निजी अस्पताल में अपने दादा का इलाज करा रहा था। वह बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 8702 को 1 जुलाई की रात 9 बजे हास्पीटल के सामने खड़ी कर अंदर था। दूसरे दिन सुबह बाहर निकला तो उसकी बाइक नहीं थी। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# ट्रक के पीछे का दोनों चक्का व स्टेपनी चोरी

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

मेंड्राकला स्थित वाटर टैंक के फैक्ट्री के बाहर खड़े ट्रक का पीछला दोनों चक्का व एक स्टेपनी अज्ञात चोर ने पार कर दी। ट्रक मालिक ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार पंकज अग्रवाल पिता रमेश अग्रवाल निवासी ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर थाना कोतवाली का रहने वाला है। इसका मेण्ड्राकला में वाटर टैंक का फैक्ट्री है। फैक्ट्री के काम के लिए ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईए 6383 रखा है। 29 जून की रात लगभग 8 बजे ट्रक को फैक्ट्री के बाहर खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह जाकर देखा तो ट्रक का पीछला दोनों चक्का व एक स्टेपनी नहीं था। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। पंकज अग्रवाल ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सोख्ता गड्ढ़ा निर्माण के साथ जल संरक्षण का संकल्प

# मोर गांव,मोर पानी अभियान अंतर्गत संरक्षित हो रहा वर्षा जल

बलरामपुर,03 जुलाई 2025(घटती-घटना)।



मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत जिले में 07 जुलाई तक जल संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा सोख्ता गड्ढ़ा निर्माण कर भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत चिनिया एवं छतरपुर, विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत प्रेमनगर, जमई, बासुलापाट में श्रमदान करते हुए सोख्ता गड्ढ़ा का निर्माण किया गया। साथ ही जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। साथ ही विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत चिलमा, पस्ता, पाढ़ी, सरगवां, कण्डा, खटवाबरदर, सीतारामपुर में जनप्रतिनिधियों एवं स्वच्छाग्राही दीदियों के द्वारा 87 सोख्ता गड्ढ़ा का निर्माण किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में ग्रामीणों जल संरक्षण के लिए दीवार लेखन, ग्राम चौपाल एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से जल बचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मोर गांव मोर पानी अभियान घर का पानी घर में गांव का पानी गांव में की सोच को सकार करने की यह सार्थक पहल है। जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सोख्ता गड्ढ़े के माध्यम से भू-जल स्तर में सुधार होगा। जिससे न केवल जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी साथ ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जल स्त्रोत भी उपलब्ध हो पाएगा।

# जिले में खाद्य आपूर्ति हेतु उर्वरकों का भंडारण,किसानों को समय पर मिलेगा खाद

## जिला प्रशासन की सख्त निगरानी में कृषकों को वितरण जारी

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

जिले में खरीफ मौसम की खेती के लिए किसानों को आवश्यक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा उर्वरकों का भंडारण एवं वितरण लगातार किया जा रहा है। किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यूरिया,डीएपी, एनपीके,एसएसपी और पोटाश जैसे प्रमुख उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में कुल 14,791 क्विंटल उर्वरक का भंडारण किया गया है। इसमें से 12,893 क्विंटल उर्वरक किसानों को वितरित किया जा चुका है। इस प्रकार 1,898 क्विंटल खाद शेष भंडारण में उपलब्ध है,जिसे किसानों की आवश्यकता अनुसार वितरित किया जा रहा है।



### उर्वरकों की भण्डार स्थिति इस प्रकार

यूरिया-7,862 क्विंटल भंडारण,6,884 क्विंटल वितरण,978 क्विंटल शेष,डी.ए.पी.-1,276 क्विंटल भंडारण,1,092 क्विंटल वितरण,184 क्विंटल शेष,एन.पी.के.- 4,066 क्विंटल भंडारण, 3,815 क्विंटल वितरण,251 क्विंटल शेष, एसएसपी- 811 क्विंटल भंडारण,537 क्विंटल वितरण,274 क्विंटल शेष,पोटाश- 776 क्विंटल भंडारण, 565 क्विंटल वितरण,211 क्विंटल शेष है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी सहकारी समिति अथवा विक्रेताओं द्वारा अनावश्यक भंडारण अथवा कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में उर्वरक वितरण की निगरानी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। यह टीम भंडारण केंद्रों और विक्रय समितियों का औचक निरीक्षण करेगी ताकि किसानों को उचित दर पर खाद मिल सके।

# आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में अनन्तिम योग्यता क्रम सूची प्रकाशित

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) के परियोजना अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये थे। निर्धारित समय सीमा पर प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों को आवश्यक कार्यवाही के उपरांत परियोजना हेतु गठित मूल्यांकन समिति के द्वारा परीक्षण के उपरांत आवेदिकाओं द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर अनंतिम योग्यता क्रम सूची निर्धारित प्रारूप में मूल्यांकन समिति के निर्देशानुसार प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त सूची के संबंध में या उसमें किसी प्रविष्टि/अंक में कोई दावा या आपत्ति होने पर 10 जुलाई 2025 तक (कार्य दिवस) में बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) में कार्यालयीन समय में उपस्थित हो सकते हैं। दावा आपत्ति के साथ अन्य दस्तावेज जो मूल आवेदन पत्र में संलग्न नहीं है अथवा त्रुटिपूर्ण है ।

# शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर कलेक्टर ने सौंपे पेंशन भुगतान आदेश

### शाल श्रीफल प्रदान कर किया सम्मानित



अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर द्वारा गुरुवार को 30 जून की स्थिति में सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न विभागों के 18 शासकीय सेवकों को पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ./ जी. पी. ओ.) प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री भोसकर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया। शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय अम्बिकापुर के श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बिकापुर के श्री तेजपाल सिंह एवं श्री दयानंद सिंह, जिला सत्र एवं न्यायाधीश कार्यालय सरगुजा के श्री एकलाख अली एवं श्रीमती संगीता सिंह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सरगुजा के श्री लाधु राम, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीतापुर के श्रीमती निर्मला देवी एवं श्री कृष्ण कुमार गुप्ता,विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय लखनपुर के श्री हरिनाथ सिंह, श्री अजय कुमार गुप्ता एवं श्री सूर्यबली शामिल है।

इसी प्रकार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बतौली की श्रीमती उर्मिला दास, श्री माली एक्का, श्री मनमोहन राम एवं श्री चन्द्रभान सिंह, प्राचार्य शा.उ.मा.वि. उदयपुर के श्री अशोक कुमार सोनी,प्राचार्य शा.उ.मा.वि. निम्हा के श्री ओम प्रकाश माली, उप संचालक पशु चिकि.से. अम्बिकापुर के श्री कन्हैलाल सिदार शामिल है। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अंकिता सिंह,सहायक कोषालय अधिकारी श्री मनोज कुमार शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भण्डारण

# संभागायुक्त ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

बलरामपुर, 03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभागायुक्त श्री एन. के.दुग्गा ने एसडीएम कार्यालय राजपुर, तहसील कार्यालय राजपुर एवं शंकरगढ़ का औचक निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों की स्थिति की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में राजस्व अभिलेखों के संधारण सहित राजस्व प्रकरणों की अद्यतन स्थिति तथा दस्तावेजीय प्रविष्टियों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। संभागायुक्त श्री दुग्गा ने एसडीएम न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, एवं नायब तहसीलदार न्यायालय , नाजिर शाखा, कानूनगो शाखा, रिकार्ड रूम सहित विभिन्न शाखा का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करने तथा दस्तावेजों को सुव्यवस्थित, अद्यतन और पारदर्शी बनाए रखने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित सेवाओं में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता है।

# राजपुर थाना कैम्पस में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

राजपुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के राजपुर थाना में गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह,इसडीएम देवेंद्र प्रधान और नायब तहसीलदार नरेन्द्र कंवर उपस्थित रहे। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था भंग करने की स्थिति में पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि मोहर्रम जुलूस के लिए संबंधित पक्षों को एसडीएम कार्यालय से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही कहा की पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार गश्त भी की जाएगी।

### घातक हथियारों के प्रदर्शनों लेकर कहा

मोहर्रम जुलूस के दौरान डीजे साउंड,तलवार,पेट्रोल, ट्यूबलाइट के उपयोग पर प्रतिबंध की जानकारी दी। झंडा या डंडा 20 फीट से अधिक ऊंचा नहीं होना चाहिए। आने जाने का रास्ता आवागमन सुचारू रूप से करने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ नागरिक राजेंद्र तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजपुर क्षेत्र में यह परंपरा रही है हर धर्म के त्योहार. आपसी भाई चारा एवं शांति पूर्वक से मानता आ रहा है. उसी गरिमा को बनाकर चलना है. बैठक में राजपुर, झींगों, भदार, मुरका सहित अन्य गांवों के मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि, नगरवासी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्व को शांतिपूर्ण रूप से मनाने हेतु सहयोग करने का आश्वासन दिया।



### पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के अवतरण दिवस पर अंबिकापुर में रक्तदान शिविर

# जनजाति गौरव समाज 7 जुलाई को आयोजित करेगा रक्तदान शिविर

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर के प्रणव भवन में जनजाति गौरव समाज, सरगुजा संभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामलखन सिंह पैकरा,प्रदेश महामंत्री, जनजाति गौरव समाज ने की। इस अवसर पर आगामी 7 जुलाई 2025 को पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के अवतरण दिवस के पावन उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम की योजना बनाई गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में रामलखन सिंह पैकरा ने कहा कि पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के अवतरण दिवस पर रक्तदान शिविर हेतु हम सब एकत्र होंगे। रक्तदान महादान और नर सेवा ही नारायण सेवा के संदेश के साथ उन्होंने सभी कार्यकर्ता से आग्रह किया है कि इस आयोजन को सफल बनाएं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनजाति गौरव समाज,सरगुजा संभाग और संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 7 जुलाई 2025 को जिला अस्पताल, अंबिकापुर (मेडिकल कॉलेज) में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। बैठक में सरगुजा संभाग के सभी जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु कार्य विभाजन किया। जिला प्रभारियों के रूप में सरगुजा जिला के बिहारी तिर्की,अनामिका पैकरा,सूरजपुर जिला के दिनेश सिंह,पुष्पा सिंह,बलरामपुर जिला के रघुवीर भगत,शशिकला भगत,कोरिया एवं एमसीबी जिला के लिए परमेश्वर सिंह, कौशल्या सिंह को नियुक्त किया गया है । रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए



जनजाति गौरव समाज ने समाज के सभी वर्गों से रक्तदान महादान और नर सेवा ही नारायण सेवा है के नारे के साथ इस पुनीत कार्य में भाग लेने का आग्रह किया है। समाज ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस रक्तदान शिविर में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। इस बैठक में प्रमुख रूप से सहदेव भगत, उपेंद्र सिंह,रमेश पैकरा,अवधेश केरकेट्टा, रामनिधि यादव,चंदन यादव, हरि सिंह, महादेव सिंह पैकरा,सुजीत साव,और अधिवक्ता दीपक लाल उपस्थित रहे।

# बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया फिल्म एक्ट्रेश के करकमलों से डॉ डी के सोनी अधिवक्ता एंड आरटीआई कार्यकर्ता को मिला बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिव ऑफ द ईयर 2025 का अवार्ड

### मुंबई के होटल Novotel में हुआ इंटरनेशनल ग्लोरी अवार्ड 2025 का आयोजन

### Vkonnect स्टार इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट के द्वारा किया गया था कार्यकर्म का आयोजन

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

मुंबई के होटल Novotel जुहू में Vkonnect स्टार इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट के द्वारा इंटरनेशनल ग्लोरी अवॉर्ड 2025 का आयोजित समारोह में अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ डीके सोनी को देश की प्रसिद्ध अभिनेत्री बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया के करकमलों से बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टविस ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया ।

**इसके पूर्व 39अवार्ड मिल चुके हैं यह इनका 40 वा अवार्ड है :** सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डी.के. सोनी के द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं। डॉ डी.के. सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं। डॉ डी.के. सोनी द्वारा सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को लेकर अनेकों मामले उठाते रहे हैं, भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुलासा कर दस्तावेजों के आधार पर कार्यवाही कराकर कई भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध अपराध भी पंजीबद्ध कराया गया है। Vkonnect स्टार इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट के चयन समिति के द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर तथा व्यापार, उद्योग में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का नॉमिनेशन मंगाया गया और उसके बाद चयन किया गया जिसमें सरगुजा एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अंबिकापुर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ डी के सोनी को भारत के अन्य राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और कई बिजनेसमैन के समक्ष होटल Novotel जुहू मुंबई में दिनाक 29/6/25 दिन रविवार को बाहुबली फेम एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के कर कमलों से बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया।

मुंबई में उक्त कार्यक्रम में भारत देश के अलग अलग प्रदेशो से अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ साथ बिजनेश मेन भी उपस्थित थे को भी सम्मानित किया गया। उक्त कार्यकर्म में Vkonnect स्टार इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर तथा कई फिल्म और टीवी एक्टर अनूप सोनी,अर्जुन कपूर, तथा कई एक्टर और एक्ट्रेस भी उपस्थित थे। अधिवक्ता डॉ डी के सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं और सोसल जस्टिस प्राप्त करने वालो में हर्ष व्याप्त है। इस मौके डॉ डी के सोनी ने यह कहा है कि यह अवार्ड उनके द्वारा किए जा रहे जनहित और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देता है और भविष्य में आगे अधिक ऊर्जा से तेज गति से सामाजिक और जनहित के कार्य को करने प्राथमिकता दिया जायेगा।



# सर्पदंश पर मुकुटमनी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ उपचार

जशपुरनगर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



जशपुर जिला अपने नाग लोक के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां सांपों की बहुत सी प्रजातियां पाई जाती है। ऐसे में मानव का सर्प से अक्सर सामना हो जाता है। ऐसे में लोगों की जीवन रक्षा हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में एंटी वैनम दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुसार कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी वैनम दवाइयां उपलब्ध कराई गई है। जिससे लोगों को आपात स्थितियों में सहायता प्राप्त हो रही है। ऐसे ही आपात स्थिति कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कोटिया राजौटी पारा निवासी 51 वर्षीय श्रीमती मुकुटमनी कुजूर को हुई जब रात्रि विश्राम करते हुए 10.30 बजे करेत सांप ने दाहिने पैर के टखने में दंश कर दिया। उन्होंने पूरे परिवार को इसकी सूचना दी और भारी बारिश के कारण आस-पास से गाड़ी की व्यवस्था की और कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने को निकले और इसकी सूचना हेल्प लाइन नम्बर पर दी गयी। जहां बीएमओ डॉ. किरंती कुजूर द्वारा लगातार पीड़ित से संपर्क बनाकर रखते हुए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा पीड़ित की जांच की गई, जहां मरीज को पैर में सुन्नपन, घबराहट की जानकारी दी। जांच में मरीज के शरीर में सर्प के काटने का निशान दाहिने पैर के टखने में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। जिस पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. भोजमनिया द्वारा एंटीस्नेक वैनम द्वारा उपचार चालू किया गया।

CMYK

# थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला

## फुमथम वेचायाचाई को जिम्मेदारी,सूर्या 24 घंटे पीएम रहे,इससे पहले शिनावात्रा को कोर्ट ने हटाया था...

बैंकॉक,03 जुलाई 2025।

थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला है। गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने गुरुवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालीं। उन्होंने 24 घंटे प्रधानमंत्री रहे सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट की जगह ली है। सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट को बुधवार को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। 70 साल के सूर्या ने निलंबित प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा की जगह ली थी,जिन्हें 1 जून को पद से हटाया गया था।

पैतोंगतार्न शिनावात्रा के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के एक बड़े नेता के साथ फोन पर बातचीत की, जो सार्वजनिक हो गई और इसे मंत्री पद के नैतिक नियमों का उल्लंघन माना गया। थाई सरकार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर बताया कि नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फुमथम को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने पर सहमति बनी। यह बैठक तब हुई जब थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई।

### थाईलैंड की राजनीति में उथल-पुथल

थाईलैंड की राजनीति में पिछले 2 दशक से शिनवात्रा परिवार का बहुत गहरा असर रहा है। जितनी बार इस परिवार ने सत्ता में वापसी की, लगभग उतनी ही बार उन्हें विवादों और सत्ता से बाहर निकाले जाने का भी सामना करना पड़ा है। अब एक बार फिर यही कहानी दोहराई गई है। शिनवात्रा परिवार का राजनीतिक उदय 2001 में तब शुरू हुआ जब थाकसिन शिनवात्रा ने भारी जनसमर्थन के साथ प्रधानमंत्री पद संभाला। उन्होंने गरीबों व ग्रामीण लोगों के लिए सस्ता स्वास्थ्य,कर्ज और विकास योजनाएं शुरू कीं। थाकसिन की लोकप्रियता थाईलैंड के शहरी मध्यवर्ग,अमीर वर्ग और शक्तिशाली सेना के लिए चुनौती बन गई। 2006 में सेना ने तख्तापलट कर दिया और थाकसिन को सत्ता से बाहर कर दिया गया। उन पर भ्रष्टाचार और सत्ता का दुरुपयोग करने जैसे आरोप लगे। थाकसिन देश से बाहर चले गए और कभी कंबोडिया तो कभी दुबई में रहकर राजनीति पर दूर से पकड़ बनाए रखी। लेकिन उनकी लोकप्रियता खत्म नहीं हुई। उनके समर्थकों ने 'रेड शर्ट्स' आंदोलन के जरिए थाईलैंड में सरकारों के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया।

**थाकसिन की बहन पीएम बनी, 3 साल बाद हटाई गई :** थाकसिन की बहन यिंगलक शिनवात्रा ने 2011 में ऐतिहासिक चुनाव जीतकर थाईलैंड की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने बड़े पैमाने पर चावल खरीद सब्सिडी योजना चलाई, जिससे ग्रामीण वोटर खुश हुए लेकिन सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा। एक बार फिर से शिनवात्रा परिवार की लोकप्रियता और नीतियां सेना और पारंपरिक शाही समर्थक शक्तियों को खटकने लगीं। यिंगलक सरकार के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शन शुरू हुए, जिनमें बैंकॉक की सड़कों पर लाखों लोग उतरे। मई 2014 में यिंगलक को भी संवैधानिक अदालत ने सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में हटा दिया और बाद में सेना ने तख्तापलट करके सत्ता अपने हाथ में ले ली। 2014 के सैन्य शासन के बाद शिनवात्रा परिवार की राजनीतिक ताकत कमजोर होती दिखने लगी थी। लेकिन 2023 में थाकसिन की बेटी पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा ने फेउ थाई पार्टी की अगुवाई में सत्ता में वापसी की कोशिश शुरू की।

**10 महीने पीएम रहीं पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा :** अगस्त 2024 में पाइतोंग्तार्न ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद लगा कि शिनवात्रा वंश ने सत्ता में एक और वापसी कर ली। पर यह वापसी भी ज्यादा लंबी नहीं चली। पाइतोंग्तार्न के खिलाफ संवैधानिक न्यायालय में मामला दर्ज हुआ और सिर्फ 10 महीने बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। शिनवात्रा परिवार का बार-बार सत्ता में आना और फिर विवादों में फंसकर बाहर होना थाईलैंड की राजनीति का स्थायी पैटर्न बन चुका है।

थाईलैंड में शिनवात्रा परिवार ग्रामीण इलाकों और गरीब तबकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो, लेकिन थाईलैंड की राजनीति में सेना और शाही समर्थक ताकतों का प्रभाव इतना गहरा है कि शिनवात्रा वंश की सरकारें लंबे समय तक टिक नहीं पातीं। सत्ता की यह लड़ाई थाईलैंड को बार-बार अस्थिरता की ओर धकेल देती है। थाकसिन और उनके परिवार के समर्थक मानते हैं कि हर बार सेना लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए अदालतों और राजनीतिक तंत्र का इस्तेमाल करती हैं। दूसरी ओर, शिनवात्रा परिवार पर सत्ता के दुरुपयोग,भ्रष्टाचार और पॉपुलिस्ट नीतियों से देश को आर्थिक संकट में डालने का आरोप लगते हैं।



### पीएम का ऑडियो लीक आर्मी चीफ की आलोचना की थी

पीएम पाइतोंग्तार्न का कंबोडिया के नेता के साथ बातचीत का एक वीडियो लीक हो गया था। इसमें पीएम पाइतोंग्तार्न, कंबोडिया के नेता हुन सेन को 'चाचा' कहती है और थाई सेना प्रमुख को अपना विरोधी बताती हैं। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा विवाद चल रहा है। ऐसे में विपक्षी पार्टी ने इसे मुद्दा बना लिया। पीएम पर कंबोडिया के सामने झुकने और सेना को कमजोर करने के आरोप लगे। सीमा विवाद के दौरान हुई इस टिप्पणी के कारण पैतोंगतार्न पर इसके चलते उनकी लोकप्रियता घटी, गठबंधन के कुछ साथी दलों ने साथ छोड़ दिया और हजारों लोग विरोध में सड़कों पर उतर आए। कोर्ट ने कहा कि पाइतोंग्तार्न ने मंत्री पद की नैतिकता का उल्लंघन किया है।

# ब्रिटेन की संसद में आंसू बहाती दिखीं वित्त मंत्री रीव्ज

## रोने की वजह से पाउंड 1 प्रतिशत गिरा,विपक्ष बोला-उनकी कुर्सी खतरे में...

लंदन,03 जुलाई 2025।

ब्रिटेन की वित्ता मंत्री रेचल रीव्ज संसद में रो पड़ीं। तब ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। रीव्ज के रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई लोगों ने उन्हें कमजोर बताया और उनकी आलोचना की। रीव्ज के रोने का नुकसान ब्रिटिश मार्केट पर तुरंत दिखा। पाउंड की कीमत डॉलर के मुकाबले 1% गिर गई। दरअसल,निवेशकों ने समझा कि चांसलर की कुर्सी खतरे में है। अक्टूबर 2022 के बाद यह पहली बार हुआ जब पाउंड में इतनी गिरावट हुई। उस वक्त प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट ने बाजार में जबरदस्त उथल-पुथल मचा दी थी और उसका नतीजा यह हुआ था कि ट्रस को अपने पद से हटना पड़ा था। इस बीच पीएम स्टार्मर ने रीव्ज का बचाव किया। उन्होंने कहा कि रीव्ज के आंसुओं का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि रीव्ज आने वाले कई सालों तक चांसलर बनी रहेंगी।

**वित्त मंत्री के रोने की वजह अभी मालूम नहीं :** वित्त मंत्री के रोने के पीछे क्या वजह थी, इसे लेकर कई तरह की बातें सामने आईं। कुछ लोगों ने कहा कि विपक्ष के तीखे सवालों ने उन्हें रुला दिया। हालांकि, उनके प्रवक्ता ने कहा कि यह उनका निजी मामला था। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि



लेबर सांसदों के साथ हुए विवाद की वजह से वो भावुक हो गईं। दरअसल,चांसलर रेचल रीव्ज और लेबर पार्टी के कई सांसदों के बीच विवाद इसलिए हुआ क्योंकि रीव्ज ने विकलांग और बेरोजगार लोगों को मिलने वाले कुछ फायदे में कटौती करने का प्रस्ताव रखा था। इस फैसले से लेबर पार्टी के बहुत से सांसद नाराज हो गए थे। उन्होंने संसद में उनका काफी विरोध किया। इस विवाद के बाद कीर स्टार्मर सरकार ने कटौती का फैसला वापस ले लिया, लेकिन इसका नुकसान यह हुआ कि सरकार को हर साल लगभग 5 बिलियन पाउंड का नुकसान उठाना होगा। अब संभावना ये बन गई कि इस नुकसान को पूरा करने के लिए उन्हें टैक्स बढ़ाना पड़ सकता है,जबकि उन्होंने पहले इसे बढ़ाने से इनकार किया था। वित्त मंत्री के अपने फैसले से पीछे हटने के मुद्दे पर विपक्ष हमलावर हो गया। विपक्षी कंजर्वेटिव नेता केमी बैडेनोच ने कहा कि सरकार में अब चांसलर का रोल खत्म हो चुका है। रीव्ज शायद ही अगले चुनाव तक चांसलर पद पर रहेंगी।

### पीएम स्टार्मर और चांसलर रीव्ज के झगड़े की अफवाह

द मिरर के मुताबिक कई सूत्रों ने दावा किया कि चैंबर में आने से ठीक पहले प्रधानमंत्री स्टार्मर और चांसलर रीव्ज के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिससे वह परेशान हो गई थीं। हालांकि प्रधानमंत्री और चांसलर के दफ्तर ने इस दावे को खारिज कर दिया। स्टार्मर से जब सरकार के कल्याणकारी फैसले में यू-टर्न को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसका रीव्ज के आंसुओं से कोई रिश्ता नहीं है और यह पूरी तरह उनका व्यक्तिगत मामला है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वो उनकी निजता का सम्मान करते हैं और इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहेंगे। हालांकि स्टार्मर ने यह भी माना कि बड़े पैमाने पर लेबर पार्टी के सांसदों के विरोध के चलते सरकार को अपने कल्याणकारी सुधार वापस लेने पड़े और इस वजह से ये हफ्ता उनकी सरकार के लिए बेहद कठिन साबित हुआ है।

# इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास जहाज डूबा

## 65 लोगों को ले जा रहा था,5 की मौत,31 लापता

इंडोनेशिया,03 जुलाई 2025।

इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास गुरुवार को 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 5 लोगों की मौत हो गई और 29 को बचा लिया गया है। जबकि 31 लोग अब भी लापता हैं। केएमपी टुनु प्रतामा जया नामक ये जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किलोमीटर का सफर था। रवाना होने के करीब 30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे। स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसी जहाज के डूबने के कारणों का पता कर रही है।

**लापता लोगों की तलाश कर रही एजेंसी :** सुरबाया बचाव एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा- जहाज स्थानीय समयानुसार रात के लगभग 11 बजकर 20 मिनट पर डूबी। बचाव के लिए नौ बोट जिनमें टगबोट और इन्फ्लेटेबल जहाज शामिल हैं, सक्रिय रूप से लापता लोगों की तलाश कर रही हैं।

दो मीटर तक ऊंची लहरों के कारण बचाव दल को लोगों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी का कहना है कि जब तक सभी लापता लोगों का पता नहीं चल जाता, तब तक प्रयास जारी रहेंगे।



### 3 जनवरी को बोट डूबने से 8 की मौत हुई थी

इंडोनेशिया के मालुकु में 3 जनवरी 2025 को एक स्पीडबोट 2 नोना डूब गई थी। यह बोट सेराम भागियन बारात से अम्बोन जा रही थी। रास्ते में यह एक तैरते लकड़ी के लट्ठे से टकरा गई,जिससे इसका पतवार टूट गया और यह डूब गई। बोट में 30 यात्री सवार थे,जिनमें से 8 की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# मानक विहीन सड़क निर्माण पर कांग्रेस नेता सैयद आमिल ने की गुणवत्ता जांच की मांग

सूरजपुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



जिले के रामानुजनगर जनपद में आने वाले गांव कैलाशपुर में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे सड़क में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महा सचिव सैयद आमिल हुसैन ने लोक निर्माण विभाग सूरजपुर के मुख्य कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन देकर जांच करने और जांच पूर्ण होने तक ठेकेदार का भुगतान रोकने का मांग किया है, सैयद आमिल हुसैन ने बताया कि ग्राम कैलाशपुर के आसनापारा,बगलापारा, बाजार पारा, पटपरियापारा,में सड़क निर्माण कराया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता संदेह के घेरे में है। उक्त निर्माण कार्य अत्यंत घटिया स्तर का है जिसमें सड़क निर्माणधीन काल में ही खराब होना प्रारंभ हो गई है, और निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जिससे संभावना है कि उक्त सड़क बरसात मौसम में खराब हो जाएगी। उन्होंने मांग किया है की सड़क के गुणवत्ता की जांच हो जांच के उपरांत ही ठेकेदार को राशि का भुगतान किया जाए।

# मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

## पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

सूरजपुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के लटोरी क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांवों घाघिटिकरा, कल्याणपुर,खुठेनपारा और कोटबहरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाथियों द्वारा की गई क्षति का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन ग्रामीणों के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित पटवारी से फोन पर बात कर तत्काल मुआवजा प्रकरण तैयार करने और पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्रीमती





राजवाड़े ने कहा कि , प्राकृतिक आपदा या वन्यजीवों के कारण होने वाली क्षति को गंभीरता से लिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रत्येक प्रभावित नागरिक के साथ संवेदनशीलता से खड़ी है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से सूरजपुर जिले के कई गांवों में हाथियों के दल ने धान के खेतों,फसलों और कुछ घरों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। मंत्री ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया है कि गांवों में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए, लोगों को जागरूक किया जाए और क्षति का यथाशीघ्र सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

# मॉं बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ के नव नियुक्त पदाधिकारीयों व कार्यकारिणी सदस्यों की प्रथम बैठक,रामसेवक पैकरा के अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

सूरजपुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा अंचल की सुप्रसिद्ध माता कुदरगढ़ी देवी परिसर में ट्रस्ट के कार्यकारिणी गठन के बाद प्रथम बैठक रखा गया जिसमें सर्व प्रथम माता कुदरगढ़ी के चित्र में पुष्प माला पहना दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ कर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा के अध्यक्षता में सभी नवगठित कार्यसमिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।बैठक में माता के मंदिर परिसर तथा मेला परिसर के सुब्यवस्थित विकास पार्किंग,पानी,बिजली,ब्यवस्थित बाजार के साथ रोफवे के निर्माण एवं सुसज्जित ट्रस्ट कार्यालय जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

इस मौके पर लोक न्यास ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष सुरेश गोयल,कोषाध्यक्ष बलराम सोनी,सचिव आशीष प्रताप सिंह,सह सचिव प्रवीण कुमार गुर्जर, कार्यलय प्रभारी अजय तिवारी,सह प्रभारी नरेश कुमार जायसवाल, कार्यकारणी सदस्य राजीव प्रताप सिंह, ओंकार पाण्डेय,संजय यादव ,मुकेश अग्रवाल,प्रदीप द्विवेदी,शान्तनु गोयल,अभय



गुप्ता,संरक्षक मेजर अनिल सिंह , बाबूलाल गोयल,सुरेश कुमार (सुभाष गोयल) जी,एडिशनल एस .पी ,एस. डी. ओ. पी,ओडगी श्री जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ओडगी) एस.डी.ओ. (आर.ई.एस) ईंजीनियर, पटवारी कुदरगढ़ क्षेत्र,चौकी प्रभारी समेत ट्रस्ट के कर्मचारी गण मौजूद रहे,बैठक का सफल संचालन ट्रस्ट के सचिव आशिष प्रताप सिंह के द्वारा किया गया।

# भालू के शावक को जहरीले सांप ने डसा,वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

सूरजपुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

उदयपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दावा के जंगल में बुधवार को भालू के एक शावक को सांप ने डस लिया। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पीएम कराया। पीएम रिपोर्ट में सांप द्वारा डसे जाने से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद वन विभाग द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

उदयपुर वन परिक्षेत्र के डांड़गांव सर्किल स्थित दावा जंगल में एक भालू के मादा शावक का शव मिला। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और शव



को बरामद कर उदयपुर लाया गया। यहां पशु चिकित्सक द्वारा उसका पीएम किया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने बताया कि किसी जहरीले सांप के डसने से भालू की मौत हुई है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने भालू के शावक का अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार के दौरान वन विभाग के एसडीओ बिजेंद्र सिंह ठाकुर,उदयपुर रेंजर कमलेश राय,वनपाल सरिता भगत, विनोद सिंह,बीट गार्ड विष्णु सिंह, अमरनाथ राजवाड़े, समर्पण लकड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

# साइबर ठगी,म्यूल अकाउंट मामले में थाना सूरजपुर पुलिस ने 1 आरोपी किया गिरफ्तार



सूरजपुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल अकाउंट के खाता धारक आनंद कुर्रे को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खातों में देश के अलग-अलग राज्यों से ऑनलाइन ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। खाते में कुल 48 हजार रुपए से ज्यादा की राशि जमा हुई थी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) के समन्वय पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस मुख्यालय रायपुर से म्यूल अकाउंट धारकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश मिले थे। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना सूरजपुर पुलिस टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि आनंद कुर्रे पिता राजू कुर्रे उम्र 20 वर्ष निवासी केशगवा, थाना सोनहत, जिला कोरिया के बैंक ऑफ महाराष्ट्र व एक्सीस बैंक के खाते का उपयोग सुनियोजित तरीके से अवैध धन अर्जित करने के लिए किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 249/2025 के तहत धारा 317(4), 318(2), 61(2) (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी आनंद कुर्रे को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर बताया कि जिला कोरिया का 1 व्यक्ति अपने साथी के साथ मिलकर इसका तथा अन्य के बैंक खातों को एकत्र कर उनके खाता के बदले में 1 से 5 हजार रूपये देकर बैंक खाता, सीम एवं एटीएम लेकर विभिन्न राज्यों में साइबर फ्राड करने वाले गिरोह के सदस्यों को बेच दिए है। मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह व उनकी टीम सक्रिय रही।

# तत्कालीन प्रभारी डीपीएम प्रिंस की सेवा समाप्त होने के बाद भी सूरजपुर में नए डीपीएम की नहीं हुई नियुक्ति,क्या अभी भी उसी का हो रहा इंतजार?

**हाईकोर्ट ने डॉ. प्रिंस जायसवाल की याचिका पर अंतरिम राहत देने से किया इनकार,फर्जी दस्तावेजों के आरोप पर मांगा जवाब... क्या सूरजपुर में डीपीएम की नई पदस्थापना होगी या फिर तत्कालीन डीपीएम के मामले के फैसले का और किया जाएगा इंतजार?**

## काम हो रहा प्रभावित फिर भी नई नियुक्ति न होना बड़ा सवाल

### प्रकरण में नया मोड़

शिकायतकर्ता संजय जयसवाल ने बताया की हाई कोर्ट में प्रिंस जायसवाल के अधिवक्ता ने कई बातों को माननीय कोर्ट से छिपाया,उन्होंने यह नही बताया कि प्रिंस जायसवाल 2022 से लगातार अब तक प्रभारी डीपीएम के पद पर पदस्थ है,पहले लगभग दो वर्ष कोरिया और बीते एक वर्ष से ज्यादा समय से सूरजपुर में डीपीएम के पद पर पदस्थ है,वही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम में सलाहकार बताकर ही कोर्ट को गुमराह किया,इसके साथ ही उन्होंने यह नही बताया कि साबरमती यूनिवर्सिटी ने पूर्व में हुई जांच में जो पत्र प्रिंस की डिग्री को सही बताया था उस पत्र को भी मानने से इनकार कर दिया है यूनिवर्सिटी ने कहा कि उन्होंने प्रिंस जायसवाल की डिग्री सही है ऐसा कोई पत्र भेजा ही नही है। मतलब साफ है कि जो पत्र साबरमति यूनिवर्सिटी के फर्जी लेटरपेड बनाकर भेजा गया था वो कूटरचित था, उस पर भी कार्यवाही होने की आवश्यकता है। ऐसा कानूनी जानकारों का मानना है।

### पुलिस के जवाब से हो रही हैरानी...

सूरजपुर पुलिस किस तरह से प्रिंस जायसवाल को बचाने में जुटी है वो तब सामने आया जब हाई कोर्ट में प्रिंस जायसवाल को लेकर बहस हो रही थी जिसमे उनके अधिवक्ता ने बताया कि सूरजपुर पुलिस ने अपने कथन में बताया है कि अपराध यहां घटित नही हुआ अपराध अहमदाबाद में घटित हुआ है। अब आप समझिए कि यदि कोई व्यक्ति दिल्ली के नाम से यहां पर फर्जी मार्कशीट लगाता है तो क्या अपराध दिल्ली में दर्ज होगा? इसी तरह सूरजपुर पुलिस का कहना है कि उसने फर्जी मार्कशीट का लाभ नही लिया, नियुक्ति ही निरस्त हो गई, वाह रे सूरजपुर पुलिस आप ये बताओ कि कोई चोर चोरी करने किसी घर मे घुसेगा और चोरी करने के पूर्व ही पकड़ा जाएगा उसे कूटकर थाने लाता जाएगा तो क्या अपराध नही बनता है? साफ है कि सूरजपुर पुलिस भी प्रिंस जायसवाल को बचाने में पूरा जोर लगा रही है।



-फाईल फोटो-



घटती घटना | राजधानी समाचार | अम्बिकापुर, बुधवार 04 जून 2025 | 8

**दैनिक घटती घटना को आंख दिखाने वाले स्वास्थ्य विभाग सुरजपुर के प्रभारी डीपीएम की सेवा हुई समाप्त**

एक प्रभारी डीपीएम की वजह से सरकार की हो रही थी फजीहत शिकायतकर्ता बन बैठे थे प्रभारी डीपीएम

प्रभारी डीपीएम पत्रकार व अख़बार के संस्था को ही नेस्तनाबूत करना चाह रहे थे वहीं अब वह खुद की ही अपनी सेवा समाप्त करवा बैठे

अंततः खुद को सुप्रीमो समझने वाले प्रभारी डीपीएम की सेवा हुई समाप्त

बैकुंठपुर के पार्षद संजय जायसवाल की लगातार शिकायत के बाद हुई कार्यवाही

खुद को स्वास्थ्य मंत्री का भतीजा बताने वाले डॉ प्रिंस पर हुई कार्यवाही से बड़ा संदेश देने की कोशिश,सरकार की जीरो टालरेंस की नीति की झलक

डॉ प्रिंस के बड़बोलेपन से स्वास्थ्य मंत्री की छवि पर भी पड़ा था असर

सेवा समाप्त कार्यवाही का ये है पूरा विवरण

-शमरोज खान-

सूरजपुर,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

जिला सूरजपुर स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम तत्कालीन डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की सेवा फर्जी डिग्री के आधार पर शासन द्वारा समाप्त कर दी गई है, सेवा समाप्त होने के लगभग एक महीने बाद भी सूरजपुर जिले को नए डीपीएम नहीं मिल पाया है, आखिर किस बात का इंतजार है यह भी समझ में नहीं आ रहा है, वैसे उस कार्यालय में लोगों का यही कहना है कि तत्कालीन प्रभारी डीपीएम ही दोबारा उस कुर्सी पर बैठेंगे जब तक कोई फैसला नहीं आ जाता तब तक वह कुर्सी क्या खाली रहेगी? क्या काम बिना डीपीएम के होगा? वैसे सूरजपुर के के प्रभारी डीपीएम प्रिंस जायसवाल की सेवा समाप्त हो गई थी वह सेवा इसलिए समाप्त हुई थी क्योंकि उन्होंने फर्जी डिग्री के आधार पर डीपीएम पद के लिए आवेदन किया था इसको आधार मानते हुए शासन ने उनकी सेवा समाप्त की थी पर डीपीएम इस सेवा समाप्ति को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का सहारा लिए थे, उनका मानना है कि जो कार्यवाही हुई है वह गलत है वह कोई भी फर्जी डिग्री का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, पर वही शासन ने इस बात को प्रमाणित कर दिया है कि वह फर्जी डिग्री का इस्तेमाल किए थे, वही छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में डॉ. प्रिंस जायसवाल द्वारा सेवा से हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति श्री रविन्द्र कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है, साथ ही राज्य सरकार सहित अन्य पक्षों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। डॉ. प्रिंस जायसवाल की ओर से अधिवक्ता श्री पवन श्रीवास्तव ने पक्ष रखते हुए बताया कि याचिकाकर्ता की सेवा समाप्ति छत्तीसगढ़ शासन की वर्ष 2018 की मानव संसाधन नीति के विरुद्ध की गई है, जो आज भी प्रभावशील है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता को बिना अवसर दिए सेवा से हटाया गया,जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

### फर्जी अंकसूची का आरोप और जांच रिपोर्ट

याचिका में यह उल्लेख किया गया है कि डॉ. जायसवाल को जिला आरएमएनसीएच+ए सलाहकार (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के पद पर 29 मई 2015 को संविदा आधार पर नियुक्त किया गया था। उनके विरुद्ध यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने मास्टर ऑफ फिजिकल हेल्थ की डिग्री की फर्जी अंकसूची साबरमती यूनिवर्सिटी (पूर्व में कैलॉर्क्स टीचर्स यूनिवर्सिटी),अहमदाबाद से प्रस्तुत की है। हालांकि,अधिवक्ता ने न्यायालय को अवगत कराया कि कलेक्टर, सुरजपुर द्वारा की गई जांच में विश्वविद्यालय ने उक्त अंकसूची की प्रामाणिकता की पुष्टि की है, और प्रारंभ में जांच को बंद करने की अनुशंसा भी की गई थी। इसके बावजूद,एक निजी शिकायतकर्ता संजय कुमार जायसवाल की शिकायत के आधार पर दोबारा जांच प्रारंभ कर डॉ. जायसवाल को सेवा से हटा दिया गया।

### राज्य पक्ष ने हटाने को बताया उचित

राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता श्री सुयशधर बडगैया (उप महाधिवक्ता) एवं उत्तरदाता क्रमांक 2 की ओर से अधिवक्ता श्री सी.जे.के. राव ने आपत्ति जताते हुए कहा कि याचिकाकर्ता एक संविदा कर्मचारी थे और उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता को पर्याप्त अवसर दिया गया था, लेकिन वे अपनी डिग्री की प्रामाणिकता साबित करने में असफल रहे। अतः सेवा से हटाया जाना नियमानुसार एवं न्यायोचित है।

### अदालत ने अंतरिम राहत देने से किया इंकार

न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों एवं प्रस्तुत दस्तावेजों पर विचार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता संविदा पर नियुक्त थे और उन पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने का गंभीर आरोप है। ऐसे में अदालत अंतरिम राहत प्रदान करने के पक्ष में नहीं है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय, जैसे यूपी स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन बनाम बृजेश कुमार÷ और फिरोज़ अहमद शेख बनाम यूनियन टेरिटरी ऑफ जम्मू-कश्मीर÷ उनके पक्ष में सहायक नहीं हैं,क्योंकि इन मामलों की परिस्थितियाँ वर्तमान मामले से भिन्न हैं।

### अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद

अदालत ने राज्य सरकार तथा अन्य पक्षों को निर्देशित किया है कि वे आगामी तीन सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करें। इसके उपरांत मामले की अगली सुनवाई की जाएगी।

### सत्य की हमेसा जीत होती हैः संजय जायसवाल

माननीय हाई कोर्ट के फैसले को लेकर शिकायतकर्ता संजय जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि माननीय न्यायालय ने जो आदेश दिया है उसका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूँ,बहुत बहुत आभारी हूँ। सत्य की हमेशा जीत हुई है ये सर्वविदित है।

---

# आपातकाल के 50 वर्ष होने पर सफल मॉक पार्लियामेंट का किया गया आयोजन,मनेन्द्रगढ़ के रोहित ने विपक्ष के नेता की निभाई मंच पर भूमिका

**भारतीय जनता युवा मोर्चा,छत्तीसगढ़ ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर सफल 'मॉक पार्लियामेंट' का किया आयोजन**



-संवाददाता-

रायपुर/मनेंद्रगढ़,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) छत्तीसगढ़ द्वार 2 जुलाई को रायपुर में आयोजित 'मॉक पार्लियामेंट' (नकली संसद) आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक बड़ी सफलता साबित हुई। इस आयोजन में प्रदेश भर से युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें लोकतंत्र के महत्व और आपातकाल की भयावहता पर सार्थक चर्चा की गई,इस आयोजन पर मनेंद्रगढ़ के रोहित यादव ने भी विपक्ष के नेता के रूप में अपनी बात रखते हुए आपातकाल के मामलों में प्रकाश डाला। यह मॉक पार्लियामेंट युवाओं को संसदीय प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मनेंद्रगढ़ के रोहित यादव ने विपक्ष के नेता के रूप में अपनी बात प्रभावी ढंग से रखी, जिसने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम में स्पीकर की भूमिका में श्री गौरी शंकर अग्रवाल,श्री प्रेम प्रकाश पांडे,और श्री धर्म लाल कौशिक जैसे अनुभवी नेताओं ने मार्गदर्शन किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव,पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य मंत्री और विधायक भी उपस्थित थे, जिन्होंने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। भाजयुमो छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह मॉक पार्लियामेंट न केवल आपातकाल के काले दिनों की याद दिलाता है,बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर भी देता है। जिस तरह से प्रदेश भर के युवाओं ने इसमें भाग लिया, वह दर्शाता है कि वे अपने देश के लोकतांत्रिक भविष्य को लेकर कितने गंभीर और जागरूक हैं। यह आयोजन युवाओं में राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रियता पर आधारित था।

---

# पढ़ाई सिर्फ नौकरी के लिए ही जरूरी नहीं अन्यथा कवासी लखमा की तरह कहना पड़ेगा,मैं पढ़ा लिखा नहीं था इसलिए दस्तखत करवा लिए:मंत्री



**मनेंद्रगढ़ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों के शाला प्रवेश उत्सव में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री दी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं...जिले के दो मेरिट बच्चियों का मुख्य अतिथि ने किया सम्मान**

-रवि सिंह-

एमसीबी/मनेंद्रगढ़,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2025 - 26 के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मनेंद्रगढ़ में नव प्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेश प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत मां शारदा के गीतों पर छोटी छोटी बच्चियों के नृत्य के साथ हुआ। शाला प्रवेश के खास मौके पर जिले के कलेक्टर डी राहुल वेंकट,जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह,जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनेंद्रगढ़, लखनलाल श्रीवास्तव,राजेश साहू, धर्मेंद्र पटवा,सरजू यादव,जमुना पांडे, राहुल सिंह,रामचरित द्विवेदी मौजूद रहे। विदित रहे कि 16 जून से स्कूल प्रारंभ हुआ है और तभी से नवीन एमसीबी जिले के विभिन्न स्कूलों में नव प्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेश कराने का सिलसिला लगातार जारी है। इस कड़ी में जिले के शासकीय स्कूल,संकुल स्तर, ब्लाक स्तर पर उत्सव का कार्यक्रम होता रहा है और आज जिला स्तर पर मनेंद्रगढ़ के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 15 नव प्रवेशी बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा तिलक,माला, किताब और बैग देकर शाला प्रवेश कराया गया,श्री मिश्रा ने बताया कि 900 शासकीय स्कूल, 132 प्राइवेट स्कूल, 9 अनुदान प्राप्त स्कूल है और सभी जगहों में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्र चल रहा है। उक्त बाते जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान मंच से कही। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में उपस्थित अतिथियों के साथ बच्चों ने एक साथ भोज का लुत्फ उठाया तो वहीं वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की मिशाल पेश की गई।

### जिले से मेरिट सूची की दो बालिकाओं का हुआ सम्मान

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मेरिट सूची में दसवां रैंक लाने वाली जनकपुर की बालिका वंदना सिंह ने साबित कर दिया कि शिक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए कोई कठिनाई बाधक नहीं बन सकती,उन्होंने बताया कि वंदना सिंह जनकपुर के नौडिया गांव से 10 किमी0 सायकल चलाकर जनकपुर पढ़ने आया करती थी और उसने अपनी कड़ी मेहनत,लगन के जरिए शासकीय स्कूल की छात्रा होने के बाबजूद 10वीं कक्षा में 10 वा रैंक हासिल किया इसी तरह शहरी क्षेत्र की बिटिया श्रुति मगतानी राज्य में दूसरा रैंक हासिल की जो शहर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायियों में एक है। इन दोनों मेधावी छात्रों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों भेट देकर सम्मानित कराया गया।

### कार्यक्रम बच्चों की नींव पर आधारित है जो घर की मजबूती का आधार होता है...

उक्त शाला प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज का कार्यक्रम बच्चों की नींव पर आधारित है जो घर की मजबूती का आधार होता है। जनकपुर की बिटिया वंदना सिंह के कठिन मेहनत और लगन का जिक्र करते हुए कहा कि दुरस्त बनाचल क्षेत्र होने के बाद भी बिटिया ने अपनी मेहनत को साबित किया,यह आसान नहीं होता है जब आप सायकिल से 10 किमी पढ़ने जाए और सफलता को राज्यभर में स्थापित करे,बिटिया बधाई की ही पत्र नहीं बल्कि उसको आगे बढ़ाने के लिए हौसले की आवश्यकता है। श्री जायसवाल ने प्रदेश भर के शिक्षा स्तर का भी जिक्र किया,उन्होंने कहा कि हमारे जिले में तीन ऐसे स्कूल थे जहां एक भी टीचर नहीं थे,129 ऐसे स्कूल रहे जहां एक टीचर थे ऐसी परिस्थिति में स्कूल में टीचर का ना होना सहज है क्योंकि वो भी मानव है उसे भी छुट्टी की जरूरत पड़ती होगी,मीटिंग अटेंड करना पड़ता होगा इसलिए मानवता के दृष्टिकोण से हमें उन टीचरों की का विवशता का भी बोध है। हमने एक टीचर के स्थान पर दो,तीन शिक्षक युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दिया जो अति आवश्यक रहा। श्री जायसवाल ने कहा आज कंप्यूटर और लेफ्टॉप के जमाने से ऊपर उठ चुके है,दुनिया बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है और हम 2047 का विजन लेकर चल रहे है,भारत को विश्व गुरु बनाना है,एआई के जमाने में लचर शिक्षा व्यवस्था से हम क्या उन लक्ष्यों को हासिल कर पाएंगे इसलिए शिक्षकों को भी इसके लिए तैयार होना पड़ेगा। उन्होंने महान दार्शनिक और तक्षशिला,नालंदा यूनिवर्सिटी का भी जिक्र किया कि भारत पुरातन समय से शिक्षा में दक्ष रहा है,इसका जिक्र चीन के दार्शनिक अपनी पुस्तक में किए है तो शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों देश और प्रदेश की अहम आवश्यकताओं में एक है इसलिए हमारी सरकार हर वह काम कर रही है जिससे गुणवत्ता में सुधार हो सके।

---



# युक्ति युक्तकरण से सुदूरवर्ती गाँव सांचरबहार के शिक्षकविहीन स्कूल को मिला शिक्षक

-संवाददाता-

कोरबा,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के इस गाँव में शिक्षा की मशाल जल चुकी है...स्कूल खोलकर यहाँ के विद्यार्थियों को शिक्षा से न सिर्फ जोड़ा जा चुका है..अब वर्षों से शिक्षकविहीन इस विद्यालय में नियमित शिक्षक की नियुक्ति से विद्यार्थियों के साथ गाँव के लोगों में खुशियों का वातावरण है। शिक्षकविहीन की श्रेणी में आने वाले इस विद्यालय में राज्य शासन के फैसलों के बाद अतिशेष शिक्षको के युक्ति युक्तकरण की अपनाई गई प्रक्रिया ने यहाँ ज्ञान की नई रोशनी और उम्मीदों का दीया जला दिया है। कोरबा जिला के सुदूरवर्ती ग्राम सांचरबहार ग्राम पंचायत नकिया का आश्रित ग्राम है। इस विद्यालय में वर्षों से नियमित शिक्षक पदस्थ नहीं था। स्कूल खुलने के साथ ही गाँव के लोगों की आस थी कि उनके बच्चे भी सही ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे,दुर्भाग्यवश उनकी आस अधूरी ही थी, क्योंकि नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता था। गाँव में रहने वाली वृद्धा मैसो बाई खुश है कि स्कूल को नियमित शिक्षक मिल गया है अब उनका नाती-नतिनी ठीक से पढ़ाई कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि रिया और आशीष विद्यालय जाते हैं। गाँव की महिला राजकुमारी बाई ने बताया कि उनका बेटा प्रमेन्द्र स्कूल जाता है। पहले आसपास के विद्यालयों से किसी शिक्षक को स्कूल भेजकर काम चलाया जाता था। अब नियमित शिक्षक आ जाने से हम सभी खुश है कि हमारे गाँव के स्कूल और बच्चों की नई पहचान बनेगी और उनकी पढ़ाई भी आसान होगी। युक्ति युक्तकरण से इस विद्यालय में नियुक्त सहायक शिक्षक श्री शेखरजीत टंडन ने बताया कि विद्यालय शहर से बहुत दूर है और अभी नई नियुक्ति के साथ ही लेमरू में ठहरने की व्यवस्था कर वहाँ से नियमित विद्यालय आते हैं। उन्होंने बताया कि बारिश में आवागमन थोड़ा चुनौती है,आने वाले समय में रास्ता पक्का हो जाने के साथ ही समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि युक्ति युक्तकरण के काउंसिलिंग प्रक्रिया में उन्होंने इस विद्यालय का चयन किया है। विद्यालय में अभी 11 बच्चे दर्ज है और उन्हें खुशी है कि सुदूरवर्ती गाँव सांचरबहार के विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने का उन्हें अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इससे पहले दूरस्थ क्षेत्र श्यांग के स्कूल में भी पदस्थ रहकर अध्यापन कर चुके हैं, अब सांचरबहार के शासकीय प्राथमिक शाला में नियुक्त है।

# क्या चिरमिरी के चना चोर नेता के आतंक से निगम सहित वार्ड के लोग परेशान?

## लाचार,कमजोर बुजुर्ग किसानों,विधवा महिलाओं के जमीनों को कर रहा है सरकार का डर दिखा कर कब्जा?

## रायपुर बिलासपुर के कई इन्वेस्टरों से कर रहा है उन सभी भूमियों की सौदेबाजी,करोड़ों रुपए लेन-देन के फिराक में:सूत्र

## पहले किसानों कि खुद करता है शिकायत,फिर उन्हीं किसानों से अधिकारियों से सेटिंग करवा ने के नाम पर कर रहा अवैध वसूली, दर्जनों किसान है परेशान भाजपा सरकार की कर रहा है छवि धूमिल

## राजस्व अधिकारियों से सेटिंग कर बनवाया फर्जी पट्टा किसानों कि वर्षों पुरानी भूमि को कब्जा करने रोज अपना रहा नए-नए पैतरा,चना चोर अब भू-माफिया बनने की राह में...

### गरीबों को लूटकर अपने आप को बड़ा नेता व अमीर बनाने में जुटा है चना चोर नेता...

सूत्रों का यह भी आरोप है कि वर्षों से सोसाइटी चलाकर गरीबों के अनाज और तेल में डाका डालकर लूट का खसोट कर यह धीरे-धीरे नेता बन गया यह चनाचोर पहले भूमि स्वामियों की फर्जी शिकायत करता है फिर भूमि स्वामी को घर अपने चेले-चपाटों को भेजता है कहता है कि कुछ व्यवस्था कर दो शिकायत वापस ले लूंगा जो पैसा अधिकारियों को दोगे वह पैसा मुझे दे दो फिर मैं शिकायत नहीं करूंगा यदि तुम अधिकारियों को मैनेज करोगे तो फिर मैं आप सबके खिलाफ शिकायत करूंगा इससे बढ़िया मुझे ही मैनेज कर लो अपना खेती करो और खूब कमाओ वैसे भी छत्तीसगढ़ सरकार धान की बंपर खरीदी कर रही है, मेरे से मिलकर रहोगे तो मैं ध्यान तो खरीदवाई दूंगा बोनस अलग से दिलवा दूंगा ऐसा भी कह कर लोगों को ठगने का काम कर रहा है,चनाचोर नेता सरकारी गाड़ी में दिन रात घूम कर लोगों के जमीन हड़पने का काम कर रहा है प्रत्यक्ष सदस्यों के मुताबिक लगभग 50 एकड़ जमीन यह हड़प चुका है। वार्ड क्रमांक 1 के सभी नागरिक कहते हैं कि लोग वर्षों वर्षों से उस जमीनों पर अपना खेती-बाड़ी कर रहे हैं और काबिज हैं यह कल हमारे सामने पैदा हुआ है और सभी जमीनों पर अपना कब्जा बता रहा है अधिकारी भी कैसे हैं जो इस घृणित विकृत मानसिकता के व्यक्ति की बात सुन रहे हैं, भाजपा सरकार अमीर गरीब छोटा बड़ा सबको साथ लेकर सबका विकास चाहती है या बीजेपी का जिम्मेदार पदाधिकारी अपने फायदे के लिए सरकार के मानसा में पानी फेर रहा है और सरकार को बदनाम कर रहा है।

- रवि सिंह-

चिरमिरी,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक एक में इन दिनों एक चना चोर के नाम से चर्चित ठग नेता गरीब कमजोर बुजुर्ग किसानों और विधवा महिलाओं की जमीन कब्जा करने के कारण पुनःसुर्खियों में बना हुआ है, निगम के एक गरिमामय पद का दुरुपयोग करते हुए,राजस्व विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाकर किसानों के जमीनों का अपने नाम से फर्जी पेपर बनवा रहा है और कइयों का बनवा लिया है ऐसा सूत्रों का दावा है,वर्षों से काबिज स्थानीय किसान लोगों की जमीनों को हड़प रहा है। चना चोर नेता अपने करनी से पार्टी सहित पूरे शहर का नाम कर रहा बदनाम, यहां तक की निगम भी बदनामी से नहीं है अछूता यह सूत्रों का कहना है,इसके ऊपर एक ठेकेदार का है हाथ जो इसके लिए करता है पैसे खर्च,वह ठेकेदार भी ऐसे नेताओं को अपना उल्लू सीधा करने के लिए पाल रहा है। ऐसे लोगों से भाजपा को नुकसान पहुंच सकता है इसीलिए इन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना भी जरूरी हो गया है नहीं तो पार्टी की लुटिया डूबा देंगे यह नेता।

मिली जानकारी के अनुसार यह नेता पिछले कई वर्षों से भाजपा की सक्रिय राजनीति में सक्रिय हैं अपनी नेतागिरी की आड़ में पिछले कुछ ही वर्षों में चावल घोटाला,चना घोटाला,मिट्टी तेल घोटाला अवैध ईट भट्ठा का संचालन करवाना, दूसरे भट्टे वालों से लेवी वसूलना अवैध ट्रैक्टर चलाकर रेता और कोयला चोरी करवाना, चोरी का कोयला आपूर्ति करवा कर करोड़ों का आसामी बनना इनकी फितरत है यह बताया जा रहा है, इन दिनों इन घोटालेबाज ने नया धंधा प्रारंभ कर दिया है,रायपुर और बिलासपुर के कुछ बड़े जमीन दलालों के संपर्क में है और यहां लाचार गरीब मजदूर और मजबूर लोगों का चयन कर उनकी जमीनों को जबरदस्ती सत्ता की चमक धमक दिखाकर और धमकाकर राजस्व के जिम्मेदार अधिकारियों पर संघ और संगठन का दबाव बनाकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करना प्रारंभ कर दिया है,बिना रजिस्ट्री बिना भूमि स्वामी के सहमति के बगैर जमीन को अपने नाम करवा लिया है जिसकी शिकायत लगातार जिम्मेदार अधिकारियों तक की जा रही हैं लेकिन सत्ता की दलाली करने वाले अधिकारीयो के कान में जू तक नहीं रेंग रही है और उसी के इशारों पर नाच रहे हैं वह लोग यह आरोप कई लोगों का है।




### क्या जबसे उनकी समर्थन वाली सरकार आई है यह मानसिक संतुलन खो बैठे हैं?

वार्डवासियों ने बताया कि जब से इसके समर्थन वाली सरकार आई है यह मानसिक संतुलन खो बैठा है इसका पैर जमीन पर नहीं है किसी भी जमीन को अपना बता रहा है और सभी जमीनों को कब्जा कर हथियाना चाहता है रोज तहसील एसडीएम एवं कलेक्टर कार्यालय जाकर कुछ न कुछ जानकारी निकालते रहता है और लोगों के खिलाफ झूठी शिकायत करते रहता है, फिर उनसे सेटिंग करवाने के एवज में पैसा लेता है और उनको अपने पीछे घूमते रहता है कई किसानों ने तो यह भी बताया है कि इसने लाखों रुपए जमीन का पेपर सही करने के नाम से नाजायज वसूल लिए हैं, उसके बाद भी पेपर सही नहीं करवाया है पैसा वापस मांगने पर कहता है मैंने अधिकारियों को दे दिया है आप उनसे जाकर ले लो,आपका काम अधिकारी करते हैं अब आपका काम नहीं कर रहे तो मैं क्या कर सकता हूं कहोगे तो चल करके पूछवा दूंगा,ऐसा करके लोगों को टहला रहा है,ऐसा नहीं है कि यह काम अब बंद कर दिया है अब फिर नए-नए लोगों के खिलाफ शिकायत करके उनसे भी उगाही कर रहा है यह सिलसिला अभी भी जारी है।

### संघ और संगठन के दम पर खूब फुदक रहा है चना चोर नेता साथ ही अपने स्वार्थ के लिए इन दिनों सत्ता का कर रहा है दुरुपयोग

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक एक के चिंताझोर में राजस्व की बड़ी मात्रा में जमीने है किसी जमाने में इसके परिवार के अग्रज स्थानीय किसानों की जमीनों पर अधिया में खेती-बाड़ी किया करते थे,आधा खुद लेते थे और आधी फसल भू स्वामी को दे देते थे यह सिलसिला पिछले 30-40 वर्षों से चला आ रहा है धीरे-धीरे यह व्यक्ति उन जमीनों पर अपनी काली निगाह जमाए बैठा था जब भाजपा की सरकार आई तो यह नगर निगम में एक जिम्मेदार पद का दुरुपयोग करते हुए राजस्व के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पटवारी पर जबरन दबाव बनाकर उन जमीनों का अपना अधिकार बताने लग गया है और बिलासपुर रायपुर की कुछ बड़े जमीन इन्वेस्टर से सौदा कर उन कृषि भूमि को करोड़ों रुपए में बेचने का जुगाड़ लगा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह उन सभी जमीनों का कुछ एडवांस पैसा भी ले लिया है अब इन्वेस्टर लोग इस पर दबाव बना रहे हैं और जमीन की रजिस्ट्री करवाना चाह रहे हैं तो यह बौखला कर राजस्व अधिकारियों को राजनीतिक धमक एवं आर्थिक लाभ दिखाकर उस जमीन को अपना बताकर फर्जी पट्टा बना रहा है कुछ का बनवा भी लिया है। लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों की जमीन को यह अपना और अपने परिवार का बातकर आए दिन विवाद कर रहा है जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी को भी की है उन्होंने भी न्याय दिलाने की बात कही है।

### भाजपा संगठन भी इसके काले कारनामों से अवगत,प्रदेश संगठन के एक जिम्मेदार पदाधिकारी को भ्रमित कर करता है या अवैध कार्य,भाजपा संगठन को भी इसके भ्रष्ट आचरण की लेनी चाहिए जानकारी

पोड़ी निवासी भाजपा के एक जिम्मेदार पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चना चोर की अवैध संपूर्ण कार्यों की सभी गतिविधियां की शिकायत संघ और संगठन में इसकी शिकायत क्रमबद्ध तरीके से की गई है और यह भी बताया गया है कि इसके भ्रष्ट आचरण के कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है नेताजी दूसरों पर तो आरोप लगा रहे हैं लेकिन खुद ही जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है अपने भाई को ग्राम पंचायत की एक निजी भूमि पर अवैध कब्जा करके कई वर्षों से दुकानदारी करवा रहा है उस दुकान से सोसाइटी का चावल शक्कर चना सहित अन्य अवैध कार्य करवाता है सोसाइटी में चावल ना देकर उन्हें 16 रुपए किलो के हिसाब से पैसा लौटाने का भी कार्य कर रहा है वह चावल जब एकत्र हो जाता है तो स्थानीय राइस मिल में उसे ले जाकर भिजवा देता है जो 25 रुपए किलो के भाव से उसे पैसा मिल जाता है क्षेत्र में संचालित अन्य सोसाइटियों वालों को भी उसके भाई को चावल देने के लिए दबाव बनाता है और उनसे सस्ता दाम पर चावल खरीद करके राइस मिलों तक पहुंचा रहा है इसके उस दुकान का भी कोई वैध पेपर नहीं है भ्रष्टाचारी नेता के इशारों पर नाचने वाले अधिकारी क्या इसकी दुकानों की जांच करेंगे? क्या यह बताएंगे कि इसके द्वारा वैध तरीके से दुकानों और कई अवैध कार्यों का संचालन कैसे करवाया जा रहा है, सूत्रों की यदि माने तो संगठन के एक जिम्मेदार पदाधिकारी से इसके मधुर संबंध है और उनको भ्रमित करके या अपने काले कारनामे को संचालन कर रहा है यदि इसकी बात कोई जनप्रतिनिधि अधिकारी नहीं मानता तो उनसे फोन करवाकर गरीबों की जमीन हड़प रहा है संघ संगठन के जिम्मेदार लोगों को जमीनी स्तर पर इसकी वास्तविकता का जांच कर इसको मदद करना चाहिए ताकि सरकार और संगठन की बदनामी ना हो सके लोगों में इसके रवैया के कारण भाजपा से दूरी बढ़ती दिख रही है जिससे दूरगामी नुकसान हो सकता है समय रहते ही ऐसे भ्रष्ट आचरण वाले लोगों पर अंकुश लगाकर आम लोगों को उनके हक की जमीन वापस कराए जाने की जरूरत है।

# शिकायत जांच में होती है देरी नहीं होती समय पर जांच शिकायतकर्ता अपनी शिकायत जांच का करते हैं इंतजार क्यों?

## जनपद पंचायत में नवपदस्थ अधिकारियों के पदस्थापना के बाद से भ्रष्टाचार को मिला है बढ़वा आखिर क्यों नहीं होती कार्यवाही ?

-राजेन्द्र शर्मा-

खड़गवां,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। ग्राम पंचायत सिंघत एवं दुग्गी में रोजगार गारंटी योजना के कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए खड़गवां जनपद पंचायत से टीम गठित कर जांच की गई थी। जांच हुए लगभग दस से बारह दिन हो गए जांच रिपोर्ट अभी तक ठंडे बस्ते में ही पडी है। जबकि इन दोनों ग्राम पंचायतों की शिकायत भी कई बार ग्रामीणों के द्वारा किया गया है। मगर जांच तो की जाती है और उसके बाद जांच में लीपापोती कर जांच में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

इस तरह का खेल खड़गवां जनपद पंचायत में बड़े जोरों से चल रहा है। रोजगार गारंटी योजना के तहत हुए निर्माण कार्यों में फर्ज़ी हाजरी भरने की लिखित शिकायत भी जनपद पंचायत के सीईओ से की गई थी की ग्राम पंचायत सिंघत एवं दुग्गी में हो रहे निर्माण कार्यों में फर्ज़ी हाजरी का खेल बड़े जोरों पर पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है जो व्यक्ति गांव में नहीं रह रहा है उसकी फर्जी हाजरी भरी जाती है और जो रसूखदार है उनकी हाजरी बिना काम किए हाजरी लगाई जाती है। जिसकी जांच खड़गवां जनपद पंचायत के अधिकारियों ने किया है। ग्रामीणों से जानकारी मिल रही है कि इस संबंध में जनपद पंचायत के अधिकारियों से सांठगांठ करने के कुछ सबूत भी उपलब्ध हुए हैं जिसमें पैसे के लेन-देन की बात कि जा रही है। इससे ऐसा लगता है कि जनपद पंचायत खड़गवां में शिकायत तो होती है मगर जांच सिर्फ नाम के लिए किया जाता है। स्थानीय सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि जिन परिवारों का डिमांड किया जाता है जैसे कि एक परिवार के दो सदस्यों का डिमांड होता है तो एक ही सदस्य काम करने जाता है और दूसरे सदस्य की हाजरी लगाई जाती है। जो कार्य स्थल पर कार्य भी नहीं करने जाते हैं उनकी भी फर्जी हाजरी लगाई जाती है। इन ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य में काफी दिनों से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा एवं अन्य निर्माण कार्यों में कई तरह के भ्रष्टाचार पूर्व में भी हुए हैं और वर्तमान में भी किए जा रहे हैं। रोजगार गारंटी योजना के निर्माण कार्यों में मेट और रोजगार सहायक की मनमानी धड़ल्ले से चल रही है। जिसकी चर्चा गांव में सुनी जा सकती है। मनरेगा के निर्माण कार्यों की देखरेख ज्यादातर मेटो एवं रोजगार सहायक के द्वारा किया जाता है।जो अपनी मनमानी करते हुए निर्माण कार्य को अंजाम देते हैं। जिससे फर्जीवाड़े का खेल शुरू होता है। इन ग्राम पंचायतों में सचिव तो एक मूकदर्शक के रूप में विराजमान हैं? अब सवाल उठता है की जांच के उपरांत कार्यवाही कि जाएगी ये सांठगांठ कर जांच को निपटा दिया जाएगा जैसे पूर्व की शिकायतों में होते आ रहा है इस जनपद पंचायत खड़गवां में शिकायत जांच के मामले में एक बड़ा सिंडिकेट कार्य कर रहा है जो जांच के पहले ही जिसकी जांच होनी है उससे संपर्क कर सारा खेल होता है ? और जांच के नाम पर खानापूर्ति किया जाता है ?




इस शिकायत जांच के संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा की जांच की रिपोर्ट आ गई है जल्द ही कार्यवाही कि जाएगी ?

**रूपेश कुमार बंजारे**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खड़गवां

# सार्वजनिक स्थान में शराब पीकर उत्पात करने वाले 12 व्यक्तियों पर आबकारी अधिनियम के तहत् हुई कार्यवाही

-संवाददाता-

कोरबा,03 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। जनता से अच्छे संबंध व जनता को कानून की जानकारी देने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग का अभियान पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा चलाया जा रहा है, जिसके तहत ग्राम, वार्ड मोहल्ला मे जन चौपाल लगाकर जनता को कानून की जानकारी देते हुए जनता की समस्या को सूनी जा कर मौके पर हल करने का प्रयास किया जाता है। इसी क्रम मे नवधा चौक मुड़ापार मानिकपुर कोतवाली मे चौपाल बैठक की गई जिसमे चौकी प्रभारी उपऩ निरीऩ नवीन पटेल के नेतृत्व में नशाखोरी,सायबर ठगी एवं गुड टच बेड टच के संबंध में जन चौपाल लगाकर आम लोगो को जागरूक किया गया चौपाल मे जनता व्दारा शाम के सार्वजानिक स्थानो के आसपास,खुले मैदान मे शराब पीने व शराब पी कर हुड़दंग करने की शिकायत प्राप्त की गई। शिकायत प्राप्ती के पश्चात चौकी प्रभारी मानिकपुर के नेतृत्व मे सउनि अमर जायसवाल,कुलदीप तिवारी, प्रधान आरक्षक कमलेश्वर प्रसाद शर्मा, आरक्षक संजय रात्रे, प्रदीप राठौर, संदीप सिंह, ए हितेश राव के द्वारा संदिग्ध स्थान मुड़ापार, शारदा विहार, नवधा चौक एवं अन्य संदिग्ध स्थानो में अलग-अलग टीम बनाकर दबिस दिया जाकर दो दिन सार्वजानिक क्षेत्र व खुले मैदान मे शराब पीने वाले 12 लोगो पर आबकारी एक्ट की धारा 36 (च ) के तहत , 10 लोगो पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई तथा पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत कार्यवाही की गई साथ ही पुलिस के द्वारा क्षेत्र मे लगातार पेट्रोलिंग व दबिश दी जा रही है । पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया के जनता व्दारा अवैधानिक कार्यवाही की शिकायत सूचना देने पर पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर शीघ्र कानूनी कार्यवाही की जाएगी



**न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा.प्र.क. /ब-121/2024-25

ईश्तहार (उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हेकि ग्रामः- पम्पापुर एवं तहसील दरिमा को सूचित किया जाता है। कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती होरो आ0 भानू निवासी ग्राम- पम्पापुर थाना-दरिमा तहसील दरिमा जिला-सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा उनके बहन स्व0 जानकी आ0 भानू का मृत्यु दिनांक 13/05/2012 है तथा स्थान पम्पापुर में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखित में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा दावा/आपत्ति दिनांक 16/07/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई हेतु विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी दरिमा,जिला-सरगुजा,छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क.20250702170000 /अ-6/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द राम आ0 स्व0 रामलाल, जाति रजवार, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम रनपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 173/2 मेसे रकबा 0.043 हे0 भूमि पर से पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 09/02/2018 के आधार पर विक्रेता उर्मिला देवी पति चम्मूलाल (मृत) के वारिश मथुरेश कुमार राजवाड़े आ0 चम्मूलाल राजवाड़े व अन्य, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 का नाम विलोपित कराकर उपरोक्त विक्रयपत्र के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने बावत् आवेदन पत्र छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/07/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

ईश्तहार

लखनपुर, दिनांक 23/06/2025

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम- अंधला
तहसील- लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम आ0 स्व0 उबार राम निवासी ग्राम अंधला तहसील लखनपुर के द्वारा अपने पिता स्व0 उबार राम की मृत्यु दिनांक 15/02/2009 को हो जाने से (जन्म - मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण - पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 09/07/2025 को सुनवाईकी जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोईआपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथी 09/07/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

सील — नायब तहसीलदार तहसील-लखनपुर

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग रामानुजगज**

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2572/NIT-3/2025-2026/ व.ले.लि. दिनांकः 28/06/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-11/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि-15/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि -17/07/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
निविदा प्रपत्र की कीमत(रू. में) - 750.00
निविदाकारों की श्रेणी -ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ''तक
कार्य की अवधि - 04 वर्षा ऋतु सहित

| एनआइटी क्र. निविदा क्रं | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख) लाख में अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 3 T000 7 | आयुष्मान अरोग्य मंदिर रामानुजगंज मे भवन मरम्मत,विद्युत रिपेयर,चबुतरा निर्माण एवं शेड, शौचालय मरम्मत तथा बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | 4.99 3750.00 300000.00 |
| 3 T000 8 | आयुष्मान अरोग्य मंदिर सलवाही जिला बलरामपुर रामानुजगंज मे भवन मरम्मत,विद्युत रिपेयर, योगा चबुतरा निर्माण एवं शेड, शौचालय मरम्मत तथा बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | 4.99 3750.00 300000.00 |
| 3 T000 10 | आयुष्मान अरोग्य मंदिर सनावल जिला बलरामपुर रामानुजगंज मे भवन मरम्मत,विद्युत रिपेयर, योगा चबुतरा निर्माण एवं शेड, शौचालय मरम्मत तथा बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | 5.99 3750.00 300000.00 |

निविदा शर्तें-
निविदा संबंधी शर्ते विभागीय विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग रामानुजगंज

जी.नंबर-252601911/4

## प्रग्गी ने क्लासिकल शतरंज की तैयारी के बारे में बात की

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025।** किशोर भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा का मानना है कि हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे शास्त्रीय शतरंज से दूर होते जा रहे हैं, इसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम शास्त्रीय खेल खेले हैं और इसके



बजाय फ्रीस्टाइल,रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर ध्यान केंद्रित किया है। इस साल तीन प्रमुख शास्त्रीय खिताब जीतने वाले प्रग्गनानंदा का मानना है कि खिलाड़ी शास्त्रीय शतरंज में लगने वाली घंटों की तैयारी का वास्तव में आनंद नहीं लेते हैं और रैपिड और ब्लिट्ज को अधिक संतोषजनक मानते हैं। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानंद ने कहा,शास्त्रीय शतरंज खेलना मुश्किल है क्योंकि हर कोई अच्छी तरह से तैयार होता है...शास्त्रीय शतरंज में शुरुआती तैयारी का हिस्सा बहुत बड़ा है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें, तो आपको खेल से पहले तैयारी नहीं करनी पड़ती। जबकि शास्त्रीय शतरंज में,आपको मूल रूप से मजबूर किया जाता है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी वास्तव में उस प्रक्रिया का आनंद लेता है,लेकिन आपको मजबूर किया जाता है और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है। इसके लिए बहुत प्रयास की आवश्यकता होती है। चेन्नई के 19 वर्षीय खिलाड़ी को लगता है कि शास्त्रीय शतरंज खेलने के वर्षों के साथ बर्नआउट की संभावना भी बढ़ जाती है। प्रज्ञानंद ने कहा, और जब आप बहुत सारे ऐसे टूर्नामेंट खेलते हैं, तो आपकी ऊर्जा भी खत्म हो जाती है...मेरा मतलब है कि आप मानसिक और शारीरिक रूप से भी थक सकते हैं। इसलिए ये सभी चीजें होती हैं।

## पंत आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे

**हेडिंग्ल,03 जुलाई 2025।** भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपनी बढ़त जारी रखी और बुधवार को जारी ताजा सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। पिछले



सप्ताह इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान एक ही मैच में दो शतक बनाने वाले टेस्ट इतिहास के दूसरे विकेटकीपर बने पंत ने एक स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 801 पर पहुंच गए हैं। अब वह शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। यह पंत के लिए अपने परिचित क्षेत्र में वापसी का संकेत है, जो 2022 में इसी अवधि के दौरान अपने करियर के सर्वोच्च पांचवें स्थान पर पहुंचे थे। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखते हुए सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बने हुए हैं,जबकि कप्तान शुभमन गिल एक स्थान खिसककर 21वें स्थान पर आ गए हैं। शीर्ष पर,रूट ने हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन बनाकर अपनी मामूली बढ़त बनाए रखी।

# साल के अंत में होगा धमाकेदार टी 20 लीग का आगाज

## घातक खिलाड़ी मचाएंगे धमाल,शेड्यूल का हुआ ऐलान




**मेलबर्न,03 जुलाई 2025।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बिग बैश लीग 2025-26 के आधिकारिक शेड्यूल का ऐलान आखिरकार 3 जुलाई को कर दिया,जिसमें इसका आगाज 14 दिसंबर से होगा तो वहीं फाइनल मुकाबला 25 जनवरी को खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जब बिग बैश लीग के 15वें सीजन के शेड्यूल का ऐलान किया तो उससे ये भी साफ हो गया कि ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम के कई बड़े खिलाड़ी सिर्फ 2 हफ्तों के लिए इस बार के सीजन में खेल पाएंगे।

### एशेज के चलते ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट खिलाड़ी 2 हफ्ते ही दिखेंगे बीबीएल में

बिग बैश लीग का 15वां सीजन इस बार जब 14 दिसंबर को शुरू होगा तो उस समय ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने घर पर इंग्लैंड के खिलाफ एशेज भी खेल रही होगी। ऐसे में बीबीएल में कई बड़े ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स के हिस्सा लेने को लेकर बात की जाए तो उन्हें सिर्फ 2 हफ्तों की ही विंडो मिलेगी। एशेज का आखिरी टेस्ट मैच 8 जनवरी को खत्म होगा तो वहीं उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट खिलाड़ी बीबीएल 2025-26 सीजन के बाकी बचे 10 दिन के मुकाबलों में हिस्सा लेने के लिए उपलब्ध हो पाएंगे। आगामी बीबीएल के 15 वें सीजन का पहला मुकाबला पर्थ स्कॉर्चर्स और सिडनी सिक्सर्स के बीच में खेला जाएगा।

### आगामी सीजन में फाइनल सहित होंगे कुल 44 मैच

बीबीएल 2025-26 सीजन को लेकर बात की जाए तो उसमें फाइनल मुकाबले सहित कुल 44 मैच खेले जाएंगे। सभी टीमें सीजन शुरुआत होने के साथ पहले 10 दिन के खेल में अपने घर पर कम से कम एक मुकाबला जरूर खेलेंगी। इस सीजन का क्वालीफायर मुकाबला जहां 20 जनवरी को होगा तो वहीं चैलेंजर मैच 21 जनवरी को खेला जाएगा, जबकि 23 जनवरी को नॉकआउट मुकाबला होगा। वहीं फाइनल मैच 25 जनवरी होगा। अभी लीग स्टेज के मैचों को छोड़कर बाकी बचे चार नॉकआउट मुकाबलों के वेन्यू का ऐलान नहीं किया गया है। बीबीएल के आगामी सीजन में वर्ल्ड क्रिकेट के कई बड़े खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे, जिसमें बाबर आजम और शाहीन अफरीदी का नाम भी शामिल है।

# जॉन सीना जाते-जाते फैंस को करेंगे खुश

### हारकर भी ऐसे बन जाएंगे सभी के हीरो

**नई दिल्ली, 03 जुलाई 2025।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज जॉन सीना इस साल दिसंबर में रिटायर होने वाले हैं। फ्रैंचाइज प्लेयर इस साल की शुरुआत में अपनी वापसी के बाद से विलेन बन गए हैं। वह अपने रिटायरमेंट टूर पर है। उन्होंने कोडी रोड्स को हराकर अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप जीती है। 48 वर्षीय सीना ने रैंडी ऑर्टन, सीएम पंक और जे उसो जैसे कई टॉप सुपरस्टार्स के साथ भी रिंग साझा की है। इन सभी मुकाबलों में विलेन की भूमिका निभाने के बावजूद, सीना ने कई मौकों पर बेबीफेस बनने का संकेत दिया।

### जॉन सीना को आखिरी मुकाबले में मिलेगी हार

डब्ल्यूडब्ल्यूई के विश्लेषक सैम रॉबर्ट्स ने क्रिस वैन विलाइट के साथ डब्ल्यूडब्ल्यूई पर बात करते हुए भविष्यवाणी की कि सीना अपने रिटायरमेंट से पहले फिर से एक अच्छे आदमी बन जाएंगे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ब्रॉन ब्रेकर को सीना



को उनके अंतिम मैच में हराना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक छोटे पैकेज के साथ होना चाहिए।

### सैम रॉबर्ट्स ने कही ये बात

जॉन सीना के रिटायरमेंट को लेकर डब्ल्यूडब्ल्यूई में कई तरह की बातें हो रही हैं। फैंस और एक्सपर्ट्स अलग-अलग राय दे रहे हैं। सैम रॉबर्ट्स चाहते हैं कि जॉन सीना का मुकाबला रोमन रेंस से एक बार फिर हो। सैम रॉबर्ट्स ने कहा कि जॉन सीना का आखिरी मैच सैटरडे नाइट बोस्टन में हो सकता है। वह चाहते हैं कि यह मैच ओल्ट स्कूल की तरीके से हो। उन्होंने कहा कि ब्रॉन ब्रेकर को सीना को एक छोटे पैकेज के साथ हराना चाहिए। इससे सीना को कोई नुकसान नहीं होगा और ब्रॉन ब्रेकर को जश्न मनाने का मौका मिलेगा। सैम रॉबर्ट्स जॉन सीना और रोमन रेंस को एक आखिरी बार आमने-सामने देखना चाहते हैं। इन दोनों सुपरस्टार्स का आखिरी सिंगल्स मैच 2021 में हुआ था। उस मैच में सीना, रोमन रेंस की यूनिवर्सल चैंपियनशिप को खत्म करने में नाकाम रहे थे। रॉबर्ट्स का मानना है कि यह मुकाबला बहुत ही शानदार होगा। लेकिन उन्हें लगता है कि दोनों के शेड्यूल की वजह से यह हो नहीं पाएगा।




### आलोचनाओं से घिरे मार्केज़ ने भारतीय फुटबॉल के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2025।** भारत फुटबॉल के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ आपसी सहमति पर पहुंचने के बाद बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एआईएफएफ पर राष्ट्रीय टीम के हाल के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां अपनी बैठक में 56 वर्षीय मार्केज़ को पदमुक्त करने पर सहमति जताई, क्योंकि उन्होंने अपने अनुबंध में एक साल शेष रहने के बावजूद ऐसा करने की इच्छा जताई थी। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने पीटीआई से कहा,एआईएफएफ और मनोलो ने बिना किसी वित्तीय प्रभाव के आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए, उन्हें भारतीय कोच पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द ही मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# बदले की आग में जल रहे रोमन रेंस

» इस इवेंट में करेंगे वापसी

» इन रेसलर्स की कुटाई तय



**नई दिल्ली, 03 जुलाई 2025।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के दर्शक रोमन रेंस को लेकर काफी उत्साहित हैं। अप्रैल में रेसलमेनिया 41 के बाद से वे डब्ल्यूडब्ल्यूई टेलीविजन पर नहीं दिखे हैं। उस समय सैथ रॉलिंस और ब्रॉन ब्रेककर ने उन पर हमला किया था। पॉल हेमैन ने भी उन्हें धोखा दिया था। उस एपिसोड में सैथ रॉलिंस और ब्रॉन ब्रेककर ने उन पर हमला किया था। पॉल हेमैन ने भी रोमन रेंस को धोखा दिया था। इस घटना के बाद से ही रोमन रेंस के फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

### समरस्लैम में नहीं होगी वापसी

डब्ल्यूडब्ल्यूई के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो रोमन रेंस जल्द ही वापसी कर सकते हैं। रेस्टल वोट्स ने भी बताया है कि उनका नाम आंतरिक दस्तावेजों में है। इससे पता चलता है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई उनके लिए कुछ बड़ा प्लान कर रहा है। हालांकि, रोमन रेंस समरस्लैम में वापसी नहीं करेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई उन्हें किसी बड़े इवेंट के लिए बचाकर रखना चाहता है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है किडब्ल्यूडब्ल्यूई उन्हें अगस्त के दो-रात के इवेंट के बजाय किसी और बड़े इवेंट में वापस लाने की योजना बना रहा है। कमेंटेटरों के अनुसार,रोमन रेंस पॉल हेमैन और सैथ रॉलिंस को अपना निशाना बनाएंगे। वे ब्लडलाइन की पुरानी दुश्मनी में नहीं पड़ेंगे। रोमन रेंस उन लोगों से बदला लेना चाहते हैं जिन्होंने उन्हें धोखा दिया है। इससे रॉलिंस और हेमैन के साथ उनकी दुश्मनी और भी दिलचस्प हो जाएगी। रेसलमेनिया में जो हुआ, उससे इस दुश्मनी में और भी मसाला आ जाएगा।

### इस इवेंट में कर सकते हैं वापसी

डब्ल्यूडब्ल्यूई रोमन रेंस को फिर से टॉप पर लाने की कोशिश कर रहा है। वे उन्हें गर्मी के आखिर में या शरद सीजन की शुरुआत में फिर से टॉप पर देखना चाहते हैं। उन्हें सर्वाइवर सीरीज 2025 में वॉरगेम्स को शामिल किया गया है। रोमन रेंस को प्रोमोशनल ग्राफिक्स में भी दिखाया गया है। इससे लगता है कि वे इस इवेंट का हिस्सा होंगे। रोमन रेंस स्ट्रीट फाइटर नाम की एक फिल्म में भी काम कर रहे हैं। लेकिन डब्ल्यूडब्ल्यूई उनकी शूटिंग के हिसाब से अपनी योजना बना रहा है। ऐसा लगता है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई उनकी फिल्म की शूटिंग को ध्यान में रखकर ही आगे की योजना बना रहा है।

## इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीसरा शतक जड़कर चमके शुभमन गिल

**नई दिल्ली, 03 जुलाई 2025।** टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड दौरे पर काफी अच्छा खेल रहे हैं। वे दमदार बल्लेबाजी के साथ टीम की अगुआई कर रहे हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट मैचों में शतक जड़े हैं। उन्होंने लीड्स में पहले टेस्ट में शतक जड़ा और 2 जुलाई को बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में नाबाद 114 रन बनाए। उन्होंने कड़ी गेंदबाजी का सामना किया और 199 गेंदों पर 11 चौके लगाए। पिछले साल धर्मशाला में भी गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ शतक जड़ा था। अब इस दौरे पर उन्होंने लगातार मैचों में शतक जड़े हैं। यह उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16वां शतक है: टेस्ट में 7,वनडे में 8 और टी20 में 1। इस शतक के साथ गिल ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, जिनके नाम 16 शतक (वनडे में 10 और टेस्ट में 6) थे। गिल अब सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले 16वें भारतीय बन गए हैं। सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ इस



सूची में सबसे आगे हैं,विराट कोहली 82 के साथ दूसरे, रोहित शर्मा के 49 और राहुल द्रविड़ के 48 शतक हैं। इस मैच में गिल 216 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 114 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल का अच्छा साथ निभाया,जिन्होंने 87 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 85 ओवर में 5 विकेट पर 310 रन बनाए। गिल के साथ रवींद्र जडेजा 41 रन बनाकर नाबाद थे। करुण नायर ने 31 रन बनाए,लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने दो विकेट लिए।



## 22 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी का निधन

**बुलंदशहर, 03 जुलाई 2025।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के फराना गांव के 22 वर्षीय स्वर्ण पदक विजेता बृजेश सोलंकी का सपना प्रो कबड्डी लीग में प्रवेश करना था। मई की शुरुआत में, उन्होंने एक आवारा पिल्ले को नाले से बचाया और उनके अग्रभाग पर एक हानिरहित काटने का निशान लगा। दर्द को सामान्य खेल तनाव समझकर, उन्होंने पोस्ट-एक्सपोज़र टीकाकरण को छोड़ दिया। असमय प्रस्थान से कुछ समय पहले,उनके अंगों में सुन्नता आ गई और पानी से डर लगने लगा। जिला और निजी अस्पतालों के बीच स्थानांतरण के बाद,उनकी हालत बिगड़ती चली गई, और अंततः एक आस्था चिकित्सक के पास जाने पर उनकी मृत्यु हो गई। उनके कोच, प्रवीण कुमार, इस घटना को याद करते हैं जो करुणा के कार्य के रूप में शुरू हुआ, वह घातक हो गया जब बृजेश ने काटने के संभावित खतरे को अनदेखा कर दिया। उनके कोच प्रवीण कुमार ने इस घटना को स्पष्ट रूप से याद किया। बृजेश ने अपने हाथ में दर्द को सामान्य कबड्डी की चोट समझ लिया। काटने की चोट मामूली लग रही थी और उसे नहीं लगा कि यह गंभीर है, इसलिए उसने टीका नहीं लगवाया।

## बहुप्रतीक्षित पीरियोडिक ड्रामा का ट्रेलर जारी

पवन कल्याण के फिल्म प्रेमियों और प्रशंसकों के लिए जश्न मनाने का एक कारण है, क्योंकि उनकी महत्वाकांक्षी पीरियड फिल्म हरि हर वीरा मल्लू- पार्ट 1-स्वॉर्ड वर्सेज स्पिरिट इस महीने एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म 24



जुलाई, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और यह कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगी। चर्चा को और बढ़ाते हुए,निर्माताओं ने एक दमदार ट्रेलर के माध्यम से दर्शकों को एक झलक दिखाई है कि फिल्म में क्या है। लॉन्च इवेंट ने काफी हलचल मचाई,प्रशंसकों ने सिनेमाघरों में आने के साथ-साथ इसे ऑनलाइन भी देखा, जिससे यह पवन कल्याण के प्रशंसकों के लिए एक सच्चा त्यौहार बन गया। ट्रेलर में वीर मल्लू की दुनिया दिखाई गई है, जो एक बहादुर योद्धा है जो औरंगजेब के अत्याचार के खिलाफ उठता है। पवन कल्याण उग्र और दृढ़ निश्चयी दिखाई देते हैं,जो कर्तव्य, विश्वास और न्याय की लड़ाई से प्रेरित एक चरित्र को जीवंत करते हैं। भव्य दृश्य,हड़ताली एक्शन सीक्वेंस और संगीतकार एम एम कीरवानी द्वारा एक भावपूर्ण संगीत फिल्म को जीवन से भी बड़ा एहसास देता है। तीव्र युद्ध दृश्यों से लेकर भावनात्मक क्षणों तक,ट्रेलर अच्छाई और बुराई के बीच एक महाकाव्य टकराव का संकेत देता है जो सिनेमाघरों में भीड़ खींचने का वादा करता है। फिल्म के कलाकारों में निधि अग्रवाल,सत्यराज, नासर, अनसूया भारद्वाज,वेनेला किशोर और पुजिता पोन्नदा महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित,इस परियोजना का निर्माण मेगा सूर्या प्रोडक्शंस के तहत ए दयाकर राव द्वारा किया गया है और ए एम रत्नम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। उत्साह बढ़ने के साथ, प्रशंसक अब पवन कल्याण को पहले कभी न देखे गए अवतार में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जब हरि हर वीरा मल्लू आखिरकार बड़े पर्दे पर आएगी।



## निकिता लूथर ने द ट्रेटर्स के साथ अपनी यात्रा को अवास्तविक बताया

पेशेवर पोकर खिलाड़ी निकिता लूथर को करण जौहर के रियलिटी शो द ट्रेटर्स में एक प्रतियोगी के रूप में शामिल किया गया है। निकिता ने शो में अपने अनुभव को अवास्तविक बताया। शो के लिए अपनी रणनीति शेयर करते हुए निकिता ने कहा,ईमानदारी से कहूं तो,मैं कभी सोच भी नहीं सकती थी कि मुझे ऐसा मंच दिया जाएगा। शोबिज की दुनिया में,जहां हर कोई ड्रामा लेकर आता है,मैंने यह दिखाने के लिए रणनीति का इस्तेमाल किया कि मैं एक अलग तरह की प्रतियोगी हूं। यह एक अवास्तविक यात्रा रही है,और मैं इस अवसर के लिए वास्तव में आभारी हूं। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें कार्ड या प्रतियोगियों में से किसमें अधिक मजा आया, तो निकिता ने प्रतियोगियों को चुनते हुए कहा,कार्ड में,यह सरल है-आप धोखा देते हैं,और आप या तो जीतते हैं या हारते हैं। लेकिन यहां धोखा चिप्स से नहीं,बल्कि शब्दों से होता है। आपको लोगों की आंखों में देखना होता है,धोखा देना होता है,और फिर अगली सुबह उनके साथ नाश्ता करना होता है। इससे यह और भी ज्यादा गहरा हो जाता है। निकिता ने कहा, मैं कोई भी स्पॉइलर नहीं देना चाहती,लेकिन हां,शुरुआत में, बहुत से लोग मुझसे दूर रहते थे। कुछ लोग मुझे खतरनाक मानते थे क्योंकि मैं एक रणनीतिक,व्यावसायिक मानसिकता से आई थी। दूसरों को लगता था कि मैं इस श्रेणी में नहीं आती। मुझे लोगों के बीच फिट होने और लोगों को समझने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। द ट्रेटर्स के स्क्रिप्टेड होने के बारे में बात करते हुए,उन्होंने कहा,ट्रेटर्स बिल्कुल भी स्क्रिप्टेड नहीं था।




## केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 का ट्रेलर जारी

नीरज पांडे के निर्देशन में बनी वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स के दूसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। इसमें केके मेनन,करण टैकर और विपुल गुप्ता मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। स्पेशल ऑप्स का पहला सीजन 17 मार्च,2020 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुआ था और अब करीब 5 साल बाद इसका दूसरा सीजन आ रहा है। अब स्पेशल ऑप्स 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मेनन एक बार फिर हिम्मत सिंह बनकर लौट रहे हैं।स्पेशल ऑप्स 2 का प्रीमियर 11 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर होगा। निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा,इस बार,हर कोई निशाना है। साइबर आतंकवाद बनाम हिम्मत सिंह और उसकी टीम। मेनन एक बार फिर से पर्दे पर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग अफसर हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। इस सीरीज में विनय पाठक,मेहर विज,सैयामी खेर,दिव्या दत्ता,रेवती पिल्लई और सज्जाद डेलाफ्रूज जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

# 134 करोड़ का जीएसटी फर्जीवाड़ा का उजागर

## » एमपी में 134 करोड़ का जीएसटी फर्जीवाड़ा पकड़ा ईओडब्ल्यू ने..

**» मामले में मरवाही के कोयला कारोबारी को किया गया गिरफ्तार,कई बड़ी कंपनियों को देता था फर्जी बिल बनाकर...**





पेंड्रा/बिलासपुर,03 जुलाई 2025 (ए)। भोपाल में 134 करोड़ रुपए का जीएसटी फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस मामले की जांच करते हुए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने छत्तीसगढ़ के मरवाही से कोयला कारोबारी शेख जफर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के रूमगा मटियाढांड इलाके में की गई। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि जफर ने बिलासपुर,अनूपपुर और रायगढ़ की कई कोल वाशरियों व कंपनियों को भी फर्जी बिल दिए। इनमें प्रकाश इंडस्ट्रीज,एमएसपी पावर प्लांट और बीएस सिंघल पावर प्लांट जैसे नाम शामिल हैं।

### मास्टरमाइंड का है पार्टनर

ईओडब्ल्यू के मुताबिक शेख जफर, जबलपुर निवासी विनोद कुमार सहाय के लिए काम करता था, जो इस फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड है और पहले ही रांची से गिरफ्तार हो चुका है।

### डेढ़ दशक से कर रहा है फर्जीवाड़ा

ईओडब्ल्यू की जांच में यह भी सामने आया है कि विनोद सहाय ने 2009 से ही फर्जी नामों और दस्तावेजों पर फर्में बनाना शुरू कर दिया था। वह खुद को लोन एजेंट बताकर लोगों से पैन, आधार और बैंक डिटेल लेकर उनके नाम पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवाता और सारी जानकारी अपने पास रखता था।

### कारोबार कुछ भी नहीं और 512 करोड़ की इनवॉयसिंग

अब तक की जांच में 23 फर्जी कंपनियां और 150 से ज्यादा बैंक खाते पकड़े गए हैं। घोटाला केवल एमपी-छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है, यह महाराष्ट्र तक फैला हुआ है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि इस पूरे नेटवर्क में कोई असली गोदाम, माल का स्टॉक या ट्रांसपोर्ट का रिकॉर्ड नहीं मिला है, फिर भी 512 करोड़ की इनवॉयसिंग की गई है। जांच एजेंसी का कहना है कि यह पूरा मामला एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें बैंक खाते, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, जीएसटी रजिस्ट्रेशन और इनकम टैक्स क्लेम सब आपस में जुड़े हुए हैं। अब तक जो कंपनियां सामने आई हैं, उनमें से कई में विनोद सहाय का सीधा या परोक्ष नियंत्रण था।

### बड़ी कंपनियों को भी दिए फर्जी बिल

शेख जफर ने पूछताछ में यह भी स्वीकार किया कि उसने बिलासपुर,रायगढ़ और अनूपपुर की कई बड़ी कोल कंपनियों को भी फर्जी बिल दिए,जिनमें प्रकाश इंडस्ट्रीज,एमएसपी पावर प्लांट और बीएस सिंघल पावर जैसे नाम सामने आए हैं। मरवाही के पास उसका एक डंपिंग यार्ड भी है, जहां से वह चोरी का कोयला छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में भेजता था।

### फर्जीवाड़ा का पूरा सामान जब्त

ईओडब्ल्यू ने आरोपी के पास से फर्जी सीलें,जीएसटी बिल बुक्स, ट्रांसपोर्ट की नकली रसीदें,पैन-आधार कार्ड सहित कई दस्तावेज जब्त किए हैं। अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। अफसरों को आशंका है कि यह घोटाला 134 करोड़ से कहीं ज्यादा का हो सकता है।

### कोयले के नाम पर की फर्जी बिलिंग

जांच में सामने आया कि शेख जफर की अंबर कोल डिपो और अनम ट्रेडर्स नाम की कंपनियां हैं,जो कोयले के नाम पर फर्जी बिलिंग कर रही थीं। उसने अभिजीत ट्रेडर्स,मां रेवा ट्रेडर्स, नमामि ट्रेडर्स,महामाया ट्रेडर्स और जगदंबा कोल कैरियर्स जैसी फर्मों से व्यापार दिखाया, जो सभी विनोद सहाय के नेटवर्क से जुड़ी थीं।



# शराब दुकान के विरोध का नया तरीका

**» किसी भी ग्रामीण ने दुकान के लिए नहीं दी किराए पर जमीन, किसी ने भी नहीं भरा इसका टेंडर...**

रायपुर,03 जुलाई 2025(ए)। आरंग इलाके में शराब दूकान खोलने का प्रस्ताव का ग्रामीण जमकर विरोध कर रहे हैं। ग्राम खौली में तो शराब दूकान के लिए जमीन किराए पर देने ग्रामीण तैयार ही नहीं हुए। आबकारी विभाग ने ग्रामीणों से निविदा आमंत्रित किए थे लेकिन अंतिम दिन निर्धारित समय तक एक भी ग्रामीण ने निविदा नहीं भरा।

### धरना स्थल पर सद्बुद्धि के लिए यज्ञ

बुधवार को निविदा डालने खुलने के अंतिम दिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धरनास्थल पर शासन -प्रशासन को सद्बबुद्धि देने गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया । प्रस्तावित शराब दूकान के निरस्तीकरण आदेश नहीं पहुंच पाने के बीच आज गुरुवार को पूर्वाह्न ग्रामीणों की एक बैठक भावी रणनीति पर विचार करने ` लिये आहूत करने के साथ -साथ धरना जारी रखने का निर्णय लिया गया है। खौली गांव में शराब दुकान खोले जाने के विरोध के बाद भी शासन -प्रशासन द्वारा शराब दूकान खोलने का निर्णय लेकर जगह उपलब्ध कराने के इच्छुक ग्रामीणों से निविदा आमंत्रित किये जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने बीते 25 जून से धरना - प्रदर्शन शुरू कर दिया था जिसको आसपास के गांवों के ग्रामीणों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा था । इसी दौरान ग्राम से गये प्रतिनिधि मंडल को क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह द्वारा खौली में शराब दूकान न खुलने देने का अपना पूर्ववर्ती वादा दुहराया गया ।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### एसईसीएल के भूविस्थापित को 30 साल बाद मिला न्याय



**» हाईकोर्ट ने वारिस को नौकरी देने का दिया आदेश**

**» पहले फर्जी व्यक्ति को दे दी थी नौकरी**

बिलासपुर,03 जुलाई 2025(ए)। एसईसीएल की दीपका कोयला खदान के लिए सालों पहले जो जमीन अधिग्रहित की गई थी, उसके एवज में जमीन के मालिकों को एसईसीएल में नौकरी और मुआवजा दिया गया। इसी कड़ी में दीपका गांव की एक महिला की जमीन अधिग्रहित की गई। उसे मुआवजा तो दिया गया, लेकिन नौकरी किसी फर्जी व्यक्ति को दे दी गई, जिसने महिला का बेटा होने का दावा किया था। इस मामले में महिला तीन दशक तक कानूनी लड़ाई लड़ती रही और आखिरकार उसे अब जाकर न्याय मिला है।

### दुर्गा अष्टमी के दिन स्टेट बार काउंसिल चुनाव का मतदान



**वकीलों ने जताई आपत्ति**

बिलासपुर,03 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2025 के लिए तय की गई तारीख 30 सितंबर पर प्रदेश के वकीलों ने नाराजगी जताई है। दरअसल, यह तारीख दुर्गा अष्टमी के दिन पड़ रही है, जो एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। वकीलों का कहना है कि इस दिन त्योहार के चलते मतदान में दिक्कतें आएंगी, इसलिए तारीख बदली जाए। इस संबंध में भरत लोनिया के नेतृत्व में वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, राज्य अधिवक्ता परिषद की चुनाव समिति और महाधिवक्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि चुनाव की तारीख को या तो दुर्गा अष्टमी से पहले या उसके बाद किसी और उपयुक्त दिन रखा जाए, ताकि सभी अधिवक्ता आराम से मतदान कर सकें।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

रायपुर,03 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ शासन ने बाल वीर पुरस्कार के लिए स्थानीय वीर बालकों के आवेदन मंगाए हैं। इसमें निर्धारित शर्तों के अनुसार 5 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चे अपना आवेदन दे सकते हैं। यह पुरस्कार सामाजिक सेवा,खेल,विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और कला और संस्कृति में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। राज्य शासन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से 1 अप्रैल, 2025 से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

# 5000 मोबाइल टावर लगाए जाएंगे

## बस्तर से सरगुजा तक डिजिटल क्रांति का विस्तार



रायपुर,03 जुलाई 2025 (ए)। सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत 2047 के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सहज,सरल, त्वरित और पारदर्शिता के साथ सुचारू शासन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में राज्य में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5,000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा,तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा। इसके साथ ही टीयर-थ्री के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर को अपग्रेड करने की भी बात कही गई। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं–अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियद नेल्लानार एवं एलडब्ल्यूई सैचुरेशन डैशबोर्ड, भारतनेट फेस-2,छत्तीसगढ़ स्टेट डाटा सेंटर,आधार एनरोलमेंट इन-हाउस मॉडल,ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0,सीजी स्वान, ई-प्रोक्योरमेंट तथा कैपेसिटी बिल्डिंग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने विगत सवा साल में विभाग द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्षों से लंबित डाटा सेंटर के अपग्रेडेशन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई, खनिज 2.0 पोर्टल का गो लाइव किया गया, वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू हुए। इसके साथ ही भारतनेट फेज-2 परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया एवं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल डैशबोर्ड का निर्माण कर 19 विभागों की 100 योजनाओं के केपीआई इसमें प्रदर्शित किए गए हैं।



# वनाधिकार कानून को लेकर वन विभाग के आदेश का प्रदेश भर में हो रहा विरोध

**» रैलियां निकाल कर किया गया प्रदर्शन**

रायपुर,03 जुलाई 2025(ए)। वन विभाग के एक आदेश का जमकर विरोध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में वनाधिकार कानून और ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों को कथित तौर पर कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ लगातार दो दिनों तक राज्यभर में विरोध प्रदर्शन कर शासन को ज्ञापन सौपा गया। यह आंदोलन प्रदेश के अनेक जिलों नगरी (धमतरी),नारायणपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, अम्बिकापुर,नारायणपुर,कांकेर, गरियाबंद,पिथौरा (महासमुंद), बालोद और बस्तर में स्थानीय ग्राम सभाओं,आदिवासी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित किया गया।

### कौन सा आदेश जारी किया है वन विभाग ने...?

वनाधिकार और आदिवासी अधिकारों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि 15 मई 2025 को छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा जारी पत्र के माध्यम से वन विभाग ने स्वयं को वन अधिकार कानून का नोडल विभाग घोषित करने का प्रयास किया, जो कि पूर्णतः अवैध एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन है। इससे भी आगे जाकर, विभाग ने अपने राष्ट्रीय वर्किंग प्लान संहिता 2023 के जरिये जंगलों के वैज्ञानिक प्रबंधन की दुहाई देकर,ग्रामसभाओं और अन्य विभागों के द्वारा समर्थित सामुदायिक वन संसाधन को रोकने की धमकी दी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विभाग के इस प्रयास से प्रदेश के करीब 20 हजार वर्ग किमी के जंगलों पर समुदाय का नियंत्रण एवं प्रबंधन खतरे में पड़ गया है। इसके खिलाफ पिछले दो दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं आदिवासी अंचलों में हजारों लोगों ने स्वस्फूर्त रैलियाँ निकालीं और जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा।

# डीएपी की कमी से न घबराएं किसान



**» छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके -एसएसपी के बढ़ाए लक्ष्य**

**» चालू खरीफ सीजन में बांटे जाएंगे 17.18 लाख मिट्रिक टन उर्वरक**

रायपुर,03 जुलाई 2025(ए)। देश में डीएपी खाद के आयात में कमी के चलते चालू खरीफ सीजन में राज्य में डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने का वैकल्पिक मार्ग छत्तीसगढ़ सरकार ने निकाल लिया है। किसानों को डीएपी खाद की किल्लत के चलते परेशान होने की जरूरत नहीं है। डीएपी के बदले किसानों को भरपूर मात्रा में इसके विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद की उपलब्धता सोसायटियों के माध्यम सुनिश्चित की जा रही है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके (20:20:013) और एनपीके (12:32:13) के वितरण लक्ष्य में 3.10 लाख मेट्रिक टन तथा एसएसपी के वितरण लक्ष्य में 1.80 लाख मेट्रिक टन की वृद्धि करने के साथ ही इसके भण्डारण एवं वितरण की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। एनपीके और एसएसपी के लक्ष्य में वृद्धि होने के कारण चालू खरीफ सीजन में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण लक्ष्य 14.62 लाख मेट्रिक टन से 17.18 लाख मेट्रिक टन हो गया है।




# मोदी की गारंटी पर कर्मचारी नाराज छत्तीसगढ़ में 16 जुलाई से बड़ा आंदोलन

रायपुर,03 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भाजपा ने शासकीय सेवकों से कई वादे किए थे जिन्हें 'मोदी की गारंटी' का नाम दिया गया था लेकिन ये वादे अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं। इन वादों को पूरा करवाने के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अब आंदोलन की घोषणा कर दी है। 16 जुलाई से पूरे राज्य में आंदोलन किया जाएगा। फेडरेशन का कहना है कि सरकार बनने के बाद इन वादों के क्रियान्वयन पर चुप्पी कर्मचारियों में भारी आक्रोश का कारण बनी हुई है।

# विष्णुदेव सरकार ला रही छत्तीसगढ़ जन विश्वास विधेयक




रायपुर,03 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ सरकार आम लोगों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास विधेयक तैयार किया जा रहा है । इसमें बहुत सारी बातों को शामिल किया गया है,जिनमें अवैध तरीके से घर,दुकान या कॉम्प्लेक्स बनाने पर तीन माह की सजा के प्रावधान को खत्म कर केवल 50 हजार रुपए जुर्माना लगाने की तैयारी है।

# 7 हजार महिलाएं फिर महतारी वंदन योजना से छंटनी

रायपुर,03 जुलाई 2025(ए)। अगर आप भी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही महतारी वंदन योजना की लाभार्थी हैं,तो ये खबर आपके लिए बड़े काम की है। बता दें कि,साय सरकार ने जुलाई महीने की 17वीं किस्त महिलाओं के खाते में जारी कर दी है। 69.23 लाख से अधिक हितग्राही महिलाओं को 647.66 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि बैंक खाते में ट्रांसफर की गई है,लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि,इस महीने लिस्ट से लगभग सात हजार महिलाओं के नाम की छटनी की गई है। दरअसल,जून महीने में 69,30,041 महिलाओं को राशि जारी की गई थी। वहीं, इस माह 69,23,167 को राशि जारी हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि,इस महीने लगभग 7 हजार महिलाओं के नाम लिस्ट से बाहर कर दिए गए हैं। योजना की शुरुआत से अब तक करीब 90 हजार महिलाओं के नाम हटाए गए हैं, जिसमें करीब 48 हजार के नाम मृत्यु की जानकारी मिलने के बाद लिस्ट से बाहर किए गए हैं। बता दें कि, हर महीने की 28 तारीख तक हुए मृत्यु की जानकारी पोर्टल के माध्यम से इकट्ठा करने के बाद लिस्ट से हटाई जाती है।




# पार्षद पोते के खिलाफ दादी थाने पहुंची



बिलासपुर,03 जुलाई 2025 (ए)। सकरी थाना क्षेत्र से एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां वार्ड क्रमांक 1 के कांग्रेस पार्षद अमित भारते पर अपनी वृद्ध दादी की जमीन बेचने और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। 70 वर्षीय वृद्धा राजकुमारी भारते की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सकरी पुलिस ने बताया कि पीड़िता राजकुमारी भारते,निवासी कुदुदंड,सकरी के दल दलिहा पारा स्थित अपने पैतृक घर में अपने पुत्र-पुत्रवधू और पोते-पोतियों के साथ रहती हैं। कुछ दिन पूर्व वह अपने नाती नंदकुमार भारते के साथ दलदलिहापारा स्थित संपत्ति पर गई थीं, जहां उन्होंने अपने पोते पार्षद अमित भारते से उस संपत्ति को बेचने का कारण पूछा,जो उनकी खुद की (राजकुमारी भारते के) नाम पर थी। पूछताछ से नाराज होकर अमित ने कथित रूप से अपनी दादी का गला दबाकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उसने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के समय मौजूद भाई नंदकुमार को भी अमित ने गाली देते हुए धमकाया और घर से बाहर निकाल दिया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)